# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025





जन सेवा के संकल्प को चरितार्थ करते हुए
छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा के अगुआ
यशस्वी मुख्यमंत्री

श्री विष्णु देव साय जी

को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





जीवेत शरदः शतम्
जन सेवा के संकल्प को चरितार्थ करते हुए
छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा के अगुआ
यशस्वी मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का दूसरा चरण भी पूरा हो गया। थोक में चुन लिए गए गांव के मुखिया। जनपद और जिला सदस्यों के चेहरे भी तकरीबन साफ होने लगे। लोकतंत्र की इस लड़ाई में गांव ही ऐसी इकाई है, जहां एक वोट भी बेशकीमती होता है और यही वजह है कि नौकरी, कमाने खाने या दूसरे कारणों से गांव, कस्बा और प्रदेश छोड़ चुके ग्रामीणों ने भी चुनाव पर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। किसी को प्रत्याशी ने बुलाया तो कई पारिवारिक सामाजिक नाते-रिश्ते की डोर में बंधकर खींचे आए। ऐसी भी खबर है, कि उनके आने-जाने का खर्च भी प्रत्याशियों ने वहन किया।

एक एक वोट कीमती इसलिए कहीं खुद आए, कहीं बुलाए गए

ट्रेक्टर, पिकअप, आटो समेत अन्य वाहनों में आकर किया मतदान

# गांव का मुखिया चुनने खींचे चले आए 'परदेशी बाबू'

संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने बुलवाया

तेलंगाना और आंधप्रदेश से आकर अपने गांव में किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर/कवर्धा/रानांदगांव

खास खबर

बीजापुर जिले के अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित 2 ब्लाक भोपालपटनम और उसूर में आज पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हुआ। सुबह से ही वोट डालने के लिए अंदरूनी ईलाकों के मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए थे। भारी भीड़ का बड़ा कारण पड़ोसी राज्य तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में सलवा जुडूम के दौरान पलायन कर रह रहे लोगों का वोट डालने आना था। लोग एक दिन पहले ही अपने गांव पहुंच गए थे। ट्रेक्टर, पिकअप और आटो में आने का खर्चा क्षेत्र के प्रत्याशियों ने वहन किया। बताया गया कि मतदाता सूची में नाम छांटकर प्रत्याशियों ने ▶▶| शेष पेज 6 पर







## तीन हजार खर्च करके पिता पुत्र पुणे से वोट डालने आए...

प्रदेश में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्य गए कमाने खाने वाले भी अपने गांव की सरकार चुनने मतदान करने आए हैं। कवर्धा जिले के सुदूर वनांचल कोदवागोडान निवासी पचास वर्षीय सूर्यभान, उनका पुत्र करन सिंह तथा श्यामू पटेल कर्ज के चलते विगत छह महीनों से मजदूरी करने महाराष्ट्र के पुणे गए हुए थे जो पंचायत चुनाव में अपने प्रत्याशी को वोट देने के लिए तीन हजार खर्च करके आए हुए ▶▶| शेष पेज 6 पर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का दूसरा चरण

# गांव-गांव बरसे वोट, बैलेट बॉक्स फुल महिलाएं रहीं आगे, 77% से ज्यादा वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायत राज चुनाव के दूसरे चरण में गुरुवार को मतदान हुआ। खास बात ये है कि शाम 7 बजे तक मिली अंतिम जानकारी के मुताबिक इस चरण में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले अधिक संख्या में वोट डाले। निर्वाचन आयोग के मुताबिक महिलाओं ने 77.88 प्रतिशत वोट किया, जबिक पुरुषों ने 76.2 प्रतिशत मतदान किया। अन्य ने 6.59 मतदान के साथ कुल औसत मतदान 77.06 प्रतिशत वोटिंग हुई। इस मतदान के दौरान कुछ जगहों पर छिटपुट घटनाएं हुई हैं। इस चरण में राज्य के बड़े नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश ▶▶| शेष पेज 6 पर

## भूपेश ने किया मतदान


दूसरे चरण के पंचायत चुनाव के लिए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र पाटन के अपने पैतृक गांव कुरुदडीह पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने मतदान क्रमांक 21 में किया मतदान किया। इस दौरान उनके परिवारा के सदस्य भी मतदान में शामिल हुए। दुर्ग के पाटन ब्लाक में 108 ग्राम पंचायत में 108 सरपंच, 1699 पंच, 25 जनपद पंचायत सदस्य और 4 जिला पंचायत सदस्य के लिए किया जा रहा है मतदान किया गया।



## 70 किमी सफर तय कर डाला वोट

नक्सल प्रभावित बस्तर जिले में मतदान के लिए मतदाताओं को जूझना पड़ा, लेकिन लोग हिम्मत नहीं हारे। बताया गया है कि यहां 70 किमी का सफर तय कर वोट करने पहुंचे मतदाता। सेंड्रा से पैदल और बाइक से आए मतदाता। सेंड्रा बस्ती के लोग चुनेंगे नेशनल पार्क के सरपंच-पंच। बताया गया है कि यहां मतदान के एक दिन पहले बाइक से पहुंच गए थे ग्रामीण।

## सीतापुर में जमकर गिरे ओले, रुका रहा मतदान



**अम्बिकापुर।** पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से गुरुवार को सुबह शहर के बाहरी क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई वहीं दोपहर में सीतापुर एवं आसपास के क्षेत्रों में जमकर ओलावृष्टि हुई। ओला गिरने एवं बेमौसम वर्षा होने के ▶▶| शेष पेज 6 पर

## मतदान करने नागपुर से आए

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीण मतदाता काफी जागरूक रहे। गुरुवार को जिले में हुए दूसरे चरण के मतदान के लिए ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बाहर खाने-कमाने गए लोग बकायदा मतदान करने के लिए गांव लौटे और अपने मताधिकार का प्रयोग किए। छुरिया विकासखंड के ग्राम नादियाखुर्द के आश्रित ग्राम बखरूटोला निवासी मंगल साहू, लोकेश साहू, प्रदीप साहू एवं केवल साहू अपने परिवार के साथ गुरुवार को मतदान करने के लिए नागपुर से यहां गांव पहुंचे। बखरूटोला निवासी ग्रामीण बीते कुछ महीनों से गांव छोड़कर नागपुर खाने-कमाने के लिए नागपुर गए हुए थे। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने ▶▶| शेष पेज 6 पर

## पंच प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिन्ह गायब, मतदान स्थगित

**फरसगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण में गुरुवार को ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोटपाड़ में वार्ड क्रमांक02 के पंच चुनाव के मतपत्र में बड़ी त्रुटि सामने आई है। वार्ड क्रमांक 02 के मत पत्र में वार्ड पंच के प्रत्याशी का नाम और चिन्ह का प्रकाशन नहीं हुआ। ग्राम पंचायत कोटपाड़ के मतदान केंद्र प्राथमिक शाला भवन के केंद्र क्रमांक 01 में मतदान चल रहा था। जब प्रत्याशी खुद मतदान करने पहुंचे तो उसने देखा कि उसका नाम मतपत्र में नहीं था और न ही चुनाव चिन्ह था। जबकि केंद्र के बाहर चिपकाए गए नकली सूची में प्रत्याशी का नाम शैलेश मांझी और कुल्हाड़ी छाप चिन्ह था। प्रयासी ने इसकी जानकारी उपस्थित प्रभारी को दी। जिसके बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर वार्ड 02 के पंच चुनाव को स्थगित कर दिया गया है।

चुनाव कर्मियों से मारपीट, आरोपियों पर जुर्म

## मतगणना के दौरान बैलेट बॉक्स लूटने की कोशिश

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड खड़गवां थानांतर्गत ग्राम कटकोना में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान मतदान केन्द्र में भारी हंगामा हुआ। बिजली बंद होने पर आरोपी मतदान केंद्र के अंदर घुसे और वनरक्षक व सैनिक से मारपीट की। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों ने पुलिस बल पर भी हमला कर दिया। बड़ी मुश्किल से पुलिस दल और चुनावकर्मियों ने अपनी जान बचाई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार योगेश्वर सिंह पिता लालचंद सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम तामडांड़ थाना बैकुंठपुर ने आरोपी राम सिंह, राम अधार, दिनेश वियार, आरत, शिवकुमार, भजन और जगत सहित लगभग 100 लोगों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि 16 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान केन्द्र क्रमांक 26, ▶▶| शेष पेज 6 पर

शाही शादी की बारात में दिखी आदिवासी और राजस्थानी संस्कृति की झलक

# हाथी, ऊंट, घोड़े के साथ राजमहल से निकली महाराजा की बारात

3 चार्टर प्लेन से नागौद रवाना हुए कमलचंद्र और बाराती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर राजमहल में 102 साल बाद हो रहे शाही शादी की धूम मची है। शहर में पहली बार लोगों ने देखा कि सजे धजे हाथी में दुल्हा बस्तर रियासत के महाराजा कमलचंद्र भंजदेव राजशाही पोशाक में बैठकर जनता का अभिवादन कर रहे थे। यह हाथी कोई साधारण ▶▶| शेष पेज 6 पर







## आतिशबाजी और बाजे गाजे के साथ निकली शाही बारात

राजमहल से निकली शाही बारात में रास्तेभर आतिशबाजी और गाजे बाजे का दौर चलता रहा। सुरक्षा बल भी पूरे मार्ग में आने जाने वालों को रोककर बारात को सुरक्षित आगे जाने के लिए मुस्तैद थे।

सुनवाई के बाद जारी हुआ आदेश

# विधायक देवेंद्र को राहत सात माह बाद जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाईनगर के विधायक देवेंद्र यादव को बड़ी राहत मिली है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। वे पिछले करीब 7 महीने से रायपुर की जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर हुई सुनवाई के बाद जमानत के निर्देश जारी कर दिए हैं। माना जा रहा है कि स्थानीय प्रक्रिया के बाद शुक्रवार शाम तक देवेंद्र यादव रायपुर जेल से ▶▶| शेष पेज 6 पर



## सुप्रीम कोर्ट में दी ऐसी दलील

विधायक देवेंद्र यादव की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपने बचाव में कहा गया कि बलौदाबाजार हिंसा घटना वाले दिन वह सिर्फ सभा में शामिल हुए, लेकिन वो मंच पर नहीं गए, उन्होंने मंच से कोई भाषण नहीं दिया। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने भीड़ को उकसाया होगा। कार्यक्रम में शामिल होने और लौट जाने के समय हिंसक घटना के ▶▶| शेष पेज 6 पर

रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, मुंगेली से 13 को किया गिरफ्तार

# छग के सिम श्रीलंका, नेपाल म्यांमार में हो रहे इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

म्यूल अकाउंट की मदद से ऑनलाइन ठगी के पैसों का ट्रांजेक्शन करने बैंक लेन-देन करने फर्जी सिम उपलब्ध कराने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई तथा मुंगेली से अलग-अलग मोबाइल कंपनियों के 13 पीओएस को गिरफ्तार किया है। एजेंट के माध्यम से जारी सिम देश के अलावा देश के बाहर यूएई, श्रीलंका के साथ ही नेपाल तथा म्यांमार में संचालित होने की जानकारी साइबर पुलिस को मिली है।

जालसाजों की जालसाजी की रकम ट्रांजेक्शन कराने म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने पूर्व में 81 अकाउंट होल्डर के अलावा ▶▶| शेष पेज 6 पर



## थोक में बेचे जा रहे फर्जी सिम

रेंज साइबर पुलिस के अनुसार राज्य में फर्जी सिम बेचने वालों का बड़ा गिरोह काम कर रहा है। साइबर पुलिस ने आने वाले दिनों में फर्जी तरीके से सिम बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई और तेज करने की बात कही है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

## इनकी हुई है गिरफ्तार

- कुलवंत सिंह छाबड़ा राजनांदगांव
- खेमन साहू - राजनांदगांव
- अजय मोटघरे - राजनांदगांव
- ओम आर्य - मुंगेली
- चंद्रशेखर साहू - ▶▶| शेष पेज 6 पर


ੴ

अंतिम अरदास

"जग रचना सभ झूठ है जान लेहो रे मीत
कहे नानक थिर ना रहे जिउ बालू की भीत"



स्व. सरदार सुरजीत सिंह जी भाटिया

स्वर्गवास - 18.02.2025

अत्यंत दुखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि, हमारे पूज्यनीय दारजी
सरदार सुरजीत सिंह जी भाटिया
का स्वर्गवास 18 फरवरी 2025 को हो गया है।
उनकी आत्मिक कल्याणता हेतु रखा गया है...

कीर्तन और अंतिम अरदास
गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरुनानक नगर, श्याम नगर, रायपुर में
22 फरवरी 2025, शनिवार को दोपहर 3 से 4 बजे तक

शोकाकुल :
गुलबीर सिंह भाटिया (भाई)
परमवीर सिंह भाटिया (दामाद)
सतपाल सिंह भाटिया (भतीजा)
गुरतेज सिंह भाटिया (दौत्र)
तेजस्वराज सिंह भाटिया (पौत्र)
प्रभराज सिंह भाटिया (पौत्र)
बलदेव सिंह भाटिया (पुत्र)
गुरप्रीत सिंह भाटिया (पुत्र)
प्रभतेज सिंह भाटिया (पौत्र)
ईश्वराज सिंह भाटिया (पौत्र)
मन्नत सिंह भाटिया (पौत्र)


डॉ. सुश्री सरोज पांडेय जी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा
एवं पूर्व राज्यसभा सांसद
मान. बृजमोहन अग्रवाल
सांसद
मान. रामविचार नेताम
केबिनेट मंत्री
मान. ओ.पी. चौधरी
केबिनेट मंत्री
मान. श्याम जायसवाल
केबिनेट मंत्री
मान. केदार कश्यप
केबिनेट मंत्री
मान. टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री
मान. दयाल दास बघेल
केबिनेट मंत्री
मान. लक्ष्मी राजवाड़े
केबिनेट मंत्री
मान. लखनलाल देवांगन
केबिनेट मंत्री
मान. मीनल चौबे
महापौर, रायपुर
मान. डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा
मान. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मान. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मान. किरण सिंहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा
मान. नंदन जैन जी
प्रदेश कोषाध्यक्ष, भाजपा
जीवेत् शरदः शतम्
21 फरवरी
जीवेत् शरदः शतम्-शतम्।
सुदिनं सुदिनं जन्मदिनम्।।
भवतु मंगलम् जन्मदिनम्।
विजयी भव सर्वदा।।
मन, वचन एवं कर्म से सदैव,
सेवा में तत्पर रहने वाले छत्तीसगढ़ के
ओजस्वी मुख्यमंत्री
मान. विष्णुदेव साय जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष
राईस मिल एसोसियेशन छ.ग.
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी
विनीत : प्रदेश भाजपा संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ता

बिलासपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमीं | वर्ष : 24, अंक : 329 | पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5 .00*** | haribhoomi.com



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## काले सिर वाले पक्षी

बर्ड वाचर और शोधार्थी बीएफओ योगेश कोर्राम ने एक दिवसीय बर्ड वॉचिंग के दरम्यान रूसे डेम में बड़ी संख्या में काले सिर वाले पक्षी के साथ विभिन्न दुर्लभ प्रजाति जैसे सामान्य सारस (ग्रस ग्रस), चित्रित सारस (माइक्टेरिया ल्यूकोसेफाला), सफेद आंखों वाला बज़र्ड (ब्यूटास्टुर टीसा), उत्तरी पिनटेल (अनास एक्यूटा), ऑस्प्रे (पैंडियन हलियेटस), यूरेशियन स्पूनबिल (प्लाटालिया ल्यूकोरोडिया), टफ्टेड डक (अयथ्या फुलिगुला), ग्रे हेरोन (अर्डिया सिनेरिया), ग्रेट कॉर्मोरेंट (फलाक्रोकोरैक्स कार्बो), बार-हेडेड गूज़ (एंसर इंडिकस), ब्लैक-हेडेड आइबिस (थ्रेसकोर्निस मेलानोसेफालस), इंडियन स्पॉट-बिल्ड डक (अनास पोइसिलोरहिन्चा), लेसर व्हिसलिंग डक (डेंड्रोसिग्ना जावनिका), रेड-नेप्ड आइबिस (स्यूडिबिस पैपिलोसा) रिकार्ड किया है।

# रूस के पक्षियों को भाया छत्तीसगढ़, खैरागढ़ में 213 प्रजातियों के 1500 से ज्यादा विदेशी पक्षियों का डेरा

- पक्षियों में कई पक्षी दुर्लभ प्रजाति के
- सारस पक्षी आकर्षण का मुख्य केन्द्र बना

### शोधकर्ताओं ने 213 प्रजाति दर्ज की

रूसे जलाशय में पहुंचे प्रवासी पक्षियों पर शोधकर्ता डॉ. फैज बक्स, प्रतीक ठाकुर एवं उनकी टीम ने यहां 213 प्रजातियों के पक्षी दर्ज किए हैं। जिनमे कई दुर्लभ पक्षी शामिल हैं। शोधार्थियों का मानना है कि यदि इस क्षेत्र को ईको-टूरिज्म से जोड़ा जाए, तो यह जगह पक्षी प्रेमियों, शोधकर्ताओं और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन सकती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

रूस के दुर्लभ पक्षियों का दल इन दोनों खैरागढ़ वन मंडल के रूसे जलाशय में दिखाई दे रहा है। यहां लगभग डेढ़ हजार से अधिक प्रवासी पक्षियों का झुंड मौजूद है। इन पक्षियों में कई पक्षी दुर्लभ प्रजाति के हैं। रूस से पहुंचे इन पक्षियों के लिए खैरागढ़ वन मंडल का रूसे जलाशय मुफीद ठिकाना बना हुआ है। रूसे ⏭ शेष पेज 6 पर

### पक्षी प्रेमियों में उत्साह

खैरागढ़ वन मंडल क्षेत्र के रूसे जलाश्य में दुर्लभ प्रवासी पक्षियों के आगमन से पक्षी प्रेमियों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। बड़ी संख्या में पक्षी प्रेमी रूसे जलाशय में पहुंचकर दुर्लभ प्रवासी पक्षियों की तस्वीरें ले रहे हैं।



### अनुकूल वातावरण हो रहा तैयार

खैरागढ़ क्षेत्र के रूसे जलाशय में यूट्रिकुलरिया नामक एक कीट भक्षी पौधा पाया गया, जो पानी में मौजूद छोटे-छोटे कीड़ों को खाकर जल को स्वच्छ करता है। इसके अलावा नाजास, वेलिसनेरिया और लिम्नोफिला जैसे जलीय पौधे प्रवासी बत्तखों के भोजन का मुख्य स्रोत है। वहीं मछलियों की भी कई महत्वपूर्ण प्रजातियां यहां पाई गई है। जिनमें रोहू, कतला, पोठी, मोला और टेंगना प्रमुख हैं। ये शिकारी पक्षियों के भोजन का अहम हिस्सा है और स्थानीय परिस्थिति को बनाए रखने में मदद करते हैं।





सीएम रेखा के पास रहेगा वित्त, डिप्टी सीएम प्रवेश वर्मा के पास शिक्षा मंत्रालय

# दिल्ली की गद्दी संभालते ही पहला फैसला 'आयुष्मान' मंजूर, 10 लाख तक मुफ्त इलाज

*भाजपा की रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर पद की शपथ ले ली। शपथ लेते ही वह एक्शन मोड में आ गई हैं। दोपहर में उन्होंने दिल्ली सचिवालय में कार्यभार संभाला। शाम को यमुना घाट पर आरती में शामिल हुईं। इसके बाद कैबिनेट की बैठक हुई। उन्होंने पहली ही बैठक में आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी।*

- रेखा गुप्ता बनीं दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री
- कार्यभार संभालते ही किया हर वादा पूरा करने का दावा
- छह विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छात्र जीवन से राजनीति में कदम रखने वाली एवं पहली बार की विधायक रेखा गुप्ता ने गुरुवार को



दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। कार्यभार संभालते ही कहा कि वह 'विकसित दिल्ली' के 'मिशन' को साकार करने में एक भी दिन बर्बाद नहीं करेगी। नयी सरकार राजधानी की जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करेगी। करीब 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी करने वाली भाजपा सरकार में गुप्ता के साथ छह विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार ⏭ शेष पेज 6 पर



### जब प्रधानमंत्री मोदी ने थामा विष्णुदेव साय का हाथ, मंच पर दिखी खास आत्मीयता

दिल्ली में गुरुवार को नए मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता ने शपथ ली, लेकिन इस समारोह में एक ऐसा दृश्य भी देखने को मिला जिसने सबका ध्यान खींच लिया। मंच पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए, तो उन्होंने एनडीए के तमाम नेताओं से मुलाकात की, लेकिन जब बारी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की आई, तो माहौल अलग ही नजर आया। प्रधानमंत्री मोदी ने बड़े ही आत्मीय अंदाज में विष्णुदेव साय का हाथ थाम लिया—और बस फिर क्या था! कुछ क्षणों के लिए मंच पर यह दृश्य खास बन गया। पीएम मोदी ने न सिर्फ हाथ मिलाया, बल्कि लंबे समय तक विष्णुदेव साय का हाथ थामे रहे, उनके हालचाल पूछते रहे और छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी वहां ⏭ शेष पेज 6 पर

### दिल्ली के मंत्री और उनके विभाग

- **रेखा गुप्ता- मुख्यमंत्री:** गृह, वित्त, सर्विसेज, विजिलेंस और प्लानिंग
- **प्रवेश वर्मा- डिप्टी सीएम:** शिक्षा, पीडब्ल्यूडी और परिवहन
- **रविंदर इंद्राज सिंह- मंत्री:** समाज और एसी-एसटी मामले
- **पंकज कुमार सिंह- मंत्री:** विधि, विधायी कार्य और आवास
- **मनजिंदर सिंह सिरसा- मंत्री:** हेल्थ, अर्बन डेवलपमेंट और इंडस्ट्री
- **कपिल मिश्रा- मंत्री:** जल, पर्यटन और संस्कृति
- **आशीष सूद- मंत्री :** राजस्व, पर्यावरण, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति

### आठ मार्च तक महिलाओं को मिलेगी पहली किस्त

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार महिलाओं को 2,500 रुपए मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के अपने चुनावी वादे को पूरा करेगी। गुप्ता ने कहा कि मासिक सहायता की पहली किस्त आठ मार्च तक पात्र महिलाओं के खातों में जमा कर दी जाएगी। भाजपा ने अपने घोषणापत्र ⏭ शेष पेज 6 पर

एसआईटी ने पूरी कर ली जांच

# संभल हिंसा में 1000 पन्नों की रिपोर्ट, सपा सांसद सहित 79 नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संभल हिंसा में एसआईटी ने जांच पूरी कर ली है। टीम ने एक हजार से अधिक पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की है। सांसद जिया उर रहमान बर्क सदर विधायक पुत्र सुहेल इकबाल सहित 37 आरोपी नामजद शामिल हैं। चार्जशीट में हिंसा में शामिल लोगों के नाम उनकी भूमिका, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो क्लिप और अन्य सबूतों का विवरण शामिल किया गया है। 2500 से अधिक अज्ञात आरोपियों को शामिल किया गया है। 74 लोगों के फोटो ⏭ शेष पेज 6 पर

### 450 पत्थरबाजों के फोटो जारी

सांसद जिया उर रहमान बर्क सदर विधायक पुत्र सुहेल इकबाल सहित 37 आरोपी नामजद शामिल हैं। वहीं, 2500 से अधिक अज्ञात आरोपियों को शामिल किया गया है। पुलिस ने आरोपी 450 पत्थरबाजों के फोटो भी जारी किए हैं। 74 लोगों के फोटो दीवारों पर चस्पा किए गए हैं। संभल हिंसा मामले में आरोपी गुलाम को गिरफ्तार किया गया है। शाही जामा मस्जिद हिंसा के मामले में रोजाना एक नया मोड़ नजर आ रहा है पुलिस ने चार सीट जमा करने के लिए सभी चीजों पर और सभी पहलुओं पर नजर रखी है।

मुखबिरी का लगाया आरोप

# नक्सलियों ने शिक्षक और एक ग्रामीण का घोंटा गला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। नक्सलियों का एक दल तोड़मा गांव पहुंचा और वहां से शिक्षक और एक ग्रामीण को जंगल ले गए और उनकी गला घोंटकर हत्या कर दी। शिक्षक बामन कश्यप और ग्रामीण अनीस राम पोयाम की हत्या की खबर कल रात की बताई गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार रात नक्सलियों ने दंतेवाड़ा-बीजापुर जिले की सीमा पर स्थित तोड़मा गांव में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक बामन कश्यप (29) और अनीस राम पोयाम (38) को अपने साथ जंगल की ओर ले गए। बाद में नक्सलियों ने दोनों की गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को गांव के करीब फेंक दिया। दोनों पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया गया है। हत्या की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर सर्च अभियान शुरू किया है।

**गांव के पास फेंके शव**

### यह पहली घटना नहीं

इससे पहले 4 फरवरी को भी नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर होने के आरोप में एक 30 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी थी। 3 फरवरी को बीजापुर जिले में दो लोगों की हत्या की गई थी, जिनमें से एक नक्सलियों का पूर्व सहयोगी था। इसके अलावा 26 जनवरी को भैरमगढ़ इलाके में एक ग्रामीण की हत्या कर दी गई थी और इस पर भाकपा माओवादी के बारे में सूचना देने का आरोप था।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### सोनिया गांधी गंगाराम अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि 78 वर्षीय सोनिया की हालत ठीक है। शुक्रवार को उन्हें छुट्टी दी जा सकती है। सूत्र ने बताया कि कांग्रेस नेता को बृहस्पतिवार सुबह भर्ती कराया गया।

# निर्वाचन में लापरवाही, पांच शिक्षक सहित कंप्यूटर आपरेटर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- दुर्ग जिले का मामला, चुनाव ड्यूटी लगने के बाद भी नहीं गए

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले पांच शिक्षकों सहित कंप्यूटर आपरेटर को निलंबित कर दिया है। कार्रवाई लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20 (क) तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमो के तहत की गई। राजेश ठाकुर प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला घसरा (विकासखंड धमधा), शिवनारायण पटेल, शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खेरदा (विकास खंड धमधा), रजनीश महोबे सहा. ग्रेड-03 शासकीय उ.मा. शाला तिरगा (विकासखंड धमधा), धर्मेन्द्र कुमार सहायक शिक्षक शासकीय प्रा. शाला केम्प-2, भिलाई और बसंत यादव कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पालिका परिषद अहिवारा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में श्री यादव का मुख्यालय कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी निर्धारित किया गया है। इनकी ड्यूटी निर्वाचन कार्य में लगाई गई थी लेकिन ये नहीं गए।

### शराब पीकर चुनाव ड्यूटी पर पहुंचे, अफसर से भी उलझे, दो सस्पेंड

**रायपुर।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान धरसींवा पंचायत में मतदान सामग्री वितरण केंद्र में दो मतदान दल कर्मचारी शराब पीकर पहुंच गए। नशे में होने के कारण दोनों कर्मचारियों को रिटर्निंग अफसर ने जब फटकार लगाई, तो इस बात पर दोनों कर्मचारी अफसर से ही उलझ गए, जिसके बाद रिटर्निंग अफसर के प्रतिवेदन पर कलेक्टर एवं जिला चुनाव अधिकारी गौरव सिंह ने दोनों कर्मियों को निलंबित करने का आदेश जारी ⏭ शेष पेज 6 पर

हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद कार्रवाई, शिक्षा विभाग ने जारी किया नोटिस

# स्टंटबाज 11 छात्र - छात्राएं स्कूल से निलंबित, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

फेयरवेल पार्टी के नाम पर शहर की सड़कों पर स्टंटबाजी की घटना को जिला व पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। हाथ में शराब की बोतलें लेकर सड़कों पर उत्पात मचाते छात्र छात्राओं को स्कूल शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है और परिजन को नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उन्हें परीक्षा में बैठने से भी वंचित किया जा सकता है। इधर पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। बता दें कि बतौली स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के बच्चों के लिए 17 फरवरी को विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। इस विदाई समारोह के बाद 12वीं के छात्र छात्राएं शहर के पर्पल आर्केड में पार्टी करने पहुंच गए लेकिन इस दौरान छात्र छात्राओं ने बतौली से अंबिकापुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 43 और शहर के रिंग रोड में जमकर हंगामा मचाया। हाथ में शराब की बोतलें लेकर, कार की ओपन छत, खिडकियों में लटककर छात्र छात्राओं ने जमकर स्टंटबाजी की।



### होटल प्रबंधन की तरफ से अपराध दर्ज

स्टंटबाजी के मामले में होटल संचालक की शिकायत पर वाहन चालकों के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया गया है। सभी विद्यार्थी विदाई समारोह के बाद शहर के होटल पर्पल आर्किड पहुंचे थे। विद्यार्थियों ने शहर में उत्पात मचाने के बाद होटल में पार्टी की है। होटल के कर्मचारी के अनुसार 17 फरवरी को शाम 5 से 6 बजे के बीच आठ अलग अलग कारों में छात्र छात्राएं पहुंचे थे। छात्र छात्राएं कार क्रमांक सीजी 15 डीएम 4785, सीजी 15 डीवाई 2537, सीजी 15 ईबी 4388, सीजी 10 एएन 4577, सीजी 15 ईडी 9598, जेएच 01 ईवाई 4013, सीजी 13 यूए 2803 व कार क्रमांक सीजी 15 सी 9900 से पहुंचे थे। रास्ते में छात्र छात्राओं ने कार की खिडकियों और छत पर बैठकर स्टंटबाजी की।



## चिंतन

# रेखा के सामने होंगी दिल्ली को संवारने की चुनौतियां

सीएम के चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर चौंकाया है। चर्चित नामों से हटकर रेखा गुप्ता को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की कमान सौंपी है। वे शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक जरूर बनी हैं, पर पिछले तीस वर्षों से एबीवीपी, संघ व भाजपा से जुड़ी हुई हैं और दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं। पूर्व मेयर के अनुभव के साथ संघ की पृष्ठभूमि दिल्ली के शीर्ष पद तक पहुंचने में काम आई है। भाजपा के लिए दिल्ली के सीएम पद हेतु एक योग्य नाम पर मुहर लगाना आसान नहीं रहा होगा, कारण कई मजबूत नाम रेस में थे। लेकिन पार्टी ने वैश्य समाज से आने वाली अपनी महिला नेता रेखा गुप्ता को आगे बढ़ाकर एक साथ कई संदेश दिए। अरविंद केजरीवाल खुद को वैश्य समाज से बताते हैं और हरियाणा से हैं। रेखा गुप्ता महिला हैं, वैश्य समाज से आती हैं और हरियाणा से हैं। भाजपा का सामाजिक समीकरण रेखा के पक्ष में गया है। दिल्ली में सात फीसदी वैश्य हैं। वैश्य भाजपा के कोर वोटर रहे हैं। आगे बिहार, पश्चिम बंगाल व पंजाब में चुनाव हैं, यहां भी वैश्य की अच्छी आबादी है और आजकल महिलाओं को अलग से वोटबैंक के रूप में देखा जाता है, इसलिए भाजपा ने एक महिला को सीएम बनाकर राजनीतिक व्याकरण को मजबूत किया है। अभी भाजपा शासित राज्यों में ब्राह्मण, राजपूत, ओबीसी, आदिवासी समाज से सीएम हैं, इस कड़ी में वैश्य भी जुड़ गया है। रेखा के जरिये महिला मतदाताओं को सीधा संदेश दिया है। दिल्ली भाजपा के अंदर ताकतवर नेताओं के बीच संभावित गुटबाजी को साधते हुए भी राजनीतिक रूप से अनुभवी महिला का चुनाव किया है। रेखा गुप्ता ने छह मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है, प्रवेश वर्मा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। एक दिन पहले बुधवार को रेखा दिल्ली भाजपा विधायक दल की नेता चुनी गई थीं। रेखा दिल्ली की चौथी महिला सीएम बनी हैं। इससे पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी मर्लिना दिल्ली की सीएम रह चुकी हैं। सीएम के रूप में रेखा के लिए राह आसान नहीं रहने वाली है। आम आदमी पार्टी के रूप में रेखा सरकार के सामने एक मजबूत विपक्ष होगा, और उन्हें अपने मंत्रियों व पार्टी के अंदर भी संतुलन बनाए रखने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी। अभी बेशक सब सरल लग रहा हो, पर जिन नेताओं को निराशा हाथ लगी है, उनकी महत्वाकांक्षा कभी भी उग्र हो सकती है। महिला, वैश्य व हरियाणा पृष्ठभूमि के चलते अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी के लिए विपक्ष के रूप में नई सीएम रेखा गुप्ता पर व्यक्तिगत राजनीतिक हमला करना कठिन होगा। 27 वर्ष बाद दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई रेखानीत भाजपा सरकार को अपने सभी चुनावी वादे पूरे करने होंगे। पानी, सड़क, सफाई, पर्यावरण सुधार, परिवहन, यमुना की सफाई आदि मोर्चे पर काम करने होंगे। इसी के साथ भाजपा के शीर्ष नेताओं की दिल्ली को विश्व की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय राजधानी बनाने की घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने की दिशा में भी काम करना होगा। कचरा निस्तारण, खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर व प्रदूषण दिल्ली की बड़ी समस्याएं हैं। हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना होगा। मास्टर प्लान 2050 के अनुरूप दिल्ली का विकास करना होगा। हाउसिंग सेक्टर में बहुत अनियमितताएं हैं, उस दिशा में भी समन्वय के साथ काम जरूरी है। दिल्ली को विकसित व श्रेष्ठ राजधानी बनाने की दिशा में सीएम रेखा गुप्ता की सरकार की कार्यकुशलता व सफलता पर यहां भाजपा का राजनीतिक भविष्य निर्भर करेगा।

## विश्लेषण

विवेक शुक्ला



# रजिया से रेखा, दिल्ली पर राज करतीं महिला शासक

रेखा गुप्ता ने गुरुवार को राजधानी के रामलीला मैदान पर जब दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, तब वहां से कुछ दूरी पर दिल्ली 6 की एक गली में सन्नाटा था। इसका नाम है बुलबुलीखाना। यहां चारों तरफ से घिरे हुए परिसर में चिर निद्रा में हैं रजिया सुल्तान। यहां की हालत को देखकर समझ आता है कि इधर अब शायद ही कोई उस रजिया सुल्तान की कब्र पर फूल चढ़ाने आता हो जिसने 1236-1240 के बीच दिल्ली पर राज किया था। इधर लगे एक शिलापट्ट पर बताया गया है कि रजिया सुल्तान दिल्ली सल्तनत में ग़ुलाम वंश के प्रमुख शासक इल्तुतमिश की बेटी थीं। इल्तुतमिश ने अपनी मृत्यु से पहले अपनी बेटी को अपना उतराधिकारी बना दिया था। उसे अपने किसी भी पुत्र में दिल्ली पर राज करने की कुव्वत नजर नहीं आती थी। बहरहाल, रजिया सुल्तान के राज के सात सौ साल से भी अधिक समय के बाद शीला दीक्षित 1998 में दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। उन्होंने लगातार 15 सालों तक दिल्ली पर राज किया। इतने लंबे समय तक दिल्ली पर शायद ही किसी शासक ने लगातार राज किया हो। अगर मुख्यमंत्री के रूप में शीला दीक्षित का कार्यकाल सबसे लंबा रहा तो सुषमा स्वराज का कार्यकाल दो महीने भी नहीं रहा। वो 12 अक्टूबर 1998 से लेकर 3 दिसंबर 1998 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रही।

जाहिर है कि इतने छोटे से कार्यकाल में वो कोई अहम कदम जनता के हित में नहीं ले सकी थीं। भाजपा आलाकमान ने साहिब सिंह वर्मा के स्थान पर सुषमा स्वराज को मुख्यमंत्री बनाया था। अब साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश साहिब सिंह वर्मा दिल्ली की कैबिनेट में आ गए हैं। अगर आप दिल्ली की सियासत के गुजरे दौर के पन्ने खंगालें तो पता चलेगा कि डॉ. सुशीला नैयर को अज्ञात कारणों के चलते यहां के पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी से दूर रखा गया था। देश के पहले लोकसभा चुनाव के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव 1952 में हुआ था। उसमें कांग्रेस को अभूतपूर्व विजय मिली। सियासत और सार्वजनिक जीवन में कामकाज के लिहाज से डॉ. सुशीला नैयर के मुख्यमंत्री बनने की पूरी उम्मीद थी। पर दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बनाए गए नांगलोई के विधायक चौधरी ब्रहम प्रकाश। उन्होंने डॉ. सुशीला नैयर को अपना स्वास्थ्य मंत्री बनाया। तब बहुत लोगों को हैरानी हुई थी कि डॉ. सुशीला नैयर को क्यों मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। वो देव नगर से विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं थीं। डॉ. सुशीला नैयर गांधी जी की शिष्य होने के साथ-साथ उनकी निजी चिकित्सक भी थीं। वो गांधी जी के निजी सचिव प्यारे नैयर की छोटी बहन थीं। जब गांधी जी ने 12 से 18 जनवरी, 1948 को उपवास रखा तब डॉ. सुशीला नैयर उनके स्वास्थ्य पर नजर रख रही थीं। उन्होंने ही फरीदाबाद में ट्यूबरक्लोसिस सेनेटोरियम की स्थापना करवाई। उन्होंने देशभर में डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्र में जाने को प्रेरित किया। उनकी शख्सियत बहुत शानदार थी। उन्होंने कभी किसी से शिकायत नहीं की कि उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। खैर, अरविंद केजरीवाल के अचानक से इस्तीफा देने के बाद आतिशी पिछले साल 17 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। अब रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलत राम कॉलेज की स्टूडेंट रही रेखा गुप्ता दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ की अध्यक्ष भी रही हैं। उन्हें अब दिल्ली के मसलों को हल करना होगा। रेखा गुप्ता की पहली प्राथमिकता उस यमुना को स्वच्छ करना होना चाहिए जिसे दिल्ली सदियों से जमुना जी कहती है। उसके लिए यह पूजनीय है। पुरानी दिल्ली वाले इसे प्यार से और सम्मानपूर्वक अब 'जमुना जी' ही कहते हैं। दिल्ली के लिए, यमुना सिर्फ एक नदी ही नहीं है। इसके पानी में स्नान करना एक आशीर्वाद माना जाता है, मोक्ष की ओर एक कदम। जब दिल्ली अपनी चारदीवारी वाले शहर तक ही सीमित थी, तो जमुना जी जीवन रेखा थीं। इसने पीने का पानी उपलब्ध कराया, अपने किनारों पर उगाई जाने वाली सब्जियों को पोषण दिया, पशुधन को पानी पिलाया, जीवंत तैराकी मेलों की मेजबानी की।

दिल्ली की बुजुर्ग महिलाएं नियमित रूप से सुबह जल्दी जमुना जी जाती थीं, स्नान और ध्यान के लिए। दिल्ली में एक लंबे अंतराल के बाद बीजेपी की सत्ता में वापसी के साथ, उसे यमुना को बचाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्थिति गंभीर है। दिल्ली में वजीराबाद से ओखला बैराज तक यमुना नदी के प्रदूषण के कई कारण हैं, जो इसे मैली बनाते हैं। रेखा गुप्ता के सामने चुनौती बड़ी है। उन्हें अपने को साबित करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## जन्मदिन विशेष

संदीप शर्मा

दूरस्थ आदिवासी अंचल जशपुर के बगिया गांव में विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को हुआ। तब किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि बगिया का यह लाल, एक दिन छत्तीसगढ़ के मुखिया की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्विवाद आदिवासी मुख्यमंत्री होने का इतिहास विष्णुदेव साय के नाम पर दर्ज है। उनके सहज, सरल व्यक्तित्व में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री होने का भाव साफ झलकता है। मृदुभाषी होने के साथ ही प्रशासनिक कसावट को लेकर उनकी छवि ने जन सामान्य का दिल जीत लिया है।

# बगिया के लाल विष्णु देव का कमाल छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन की सरकार

छत्तीसगढ़ में इस समय ट्रिपल इंजन की सरकार है। यह संभव हो सका है प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और सुशासन से। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए उन्होंने संवेदनशीलता के साथ हर वर्ग का ध्यान रखकर नीतियां बनाई। परिणाम सबके सामने है। साय सरकार के 14 महीने की अल्पावधि में ही चहुंओर सांय–सांय काम हो रहा है।

छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए। नतीजतन, हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनाव में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। विधानसभा, लोकसभा के बाद अब नगरीय निकायों के चुनाव में भारी सफलता ने विष्णु देव के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। निश्चय ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से अब छत्तीसगढ़ में विकास की गति तेज होगी।

दूरस्थ आदिवासी अंचल जशपुर के बगिया गांव में विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को हुआ। तब किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि बगिया का यह लाल, एक दिन छत्तीसगढ़ के मुखिया की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्विवाद आदिवासी मुख्यमंत्री होने का इतिहास विष्णुदेव साय के नाम पर दर्ज है। उनके सहज, सरल व्यक्तित्व में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री होने का भाव साफ झलकता है। मृदुभाषी होने के साथ ही प्रशासनिक कसावट को लेकर उनकी छवि ने जन सामान्य का दिल जीत लिया है। वैसे तो पंच से लेकर सरपंच, विधायक, सांसद, केंद्रीय राज्यमंत्री और मुख्यमंत्री बनने तक का उनका राजनीतिक सफर उपलब्धियों भरा है। लेकिन, बीते 14 महीने में मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा बनाई गई जनहितैषी नीतियों से सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है।

विष्णुदेव साय किसान पुत्र हैं। वे किसानों के दुख-दर्द को भलीभांति जानते और समझते हैं। अन्नदाता किसानों की चिंता करते हुए विष्णु देव साय ने सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों का दो साल का बकाया बोनस दिया। 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी सुनिश्चित की। इससे किसानों के जीवन में खुशहाली आई है। किसान अब धान की



खेती से धनवान बनने की ओर अग्रसर हैं।

कोई भी नागरिक खुले आसमान के नीचे नहीं सोएगा, सबका खुद का आशियाना होगा, इसकी चिंता करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 लाख से अधिक जरूरतमंद हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मुख्यमंत्री बनते ही दी। यह उनकी संवेदनशीलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। इसी तरह माता-बहनों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित हो रहा है। हर महीने करीब 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधा एक हजार रुपए जमा होने से उनके जीवन स्तर में बहुत कुछ बदलाव आया है। माताएं-बहनें आत्मनिर्भर हो रहीं हैं।

युवाओं का विश्वास सरकारी व्यवस्था पर से उठने लगा था। पूर्ववर्ती सरकार में पीएससी में हुए बड़े पैमाने पर घोटाले की वजह से युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। युवा, किसी भी देश-राज्य के भविष्य की रीढ़ हैं। पीएससी परीक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन और पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं आयोजित होने से युवाओं का भरोसा जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए हैं।

छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति को लोकव्यापी और सुगम बनाकर इन्वेस्टर को आकर्षित करने में विष्णु देव साय कामयाब हुए हैं। विकासशील छत्तीसगढ़ में उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में साय सरकार की नई औद्योगिक नीति निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगी।

धर्म-कर्म-अध्यात्म, सनातन की रीढ़ हैं। चाहे राजिम कुंभ कल्प को पुर्नप्रतिष्ठित करने की बात हो, या प्रयागराज महाकुंभ में छत्तीसगढ़ पवेलियन बनाकर श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया कराने की बात अथवा श्रीराम लला अयोध्या धाम दर्शन योजना से प्रदेश के 20 हजार से अधिक नागरिकों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने की बात हो, विष्णु देव ने देवतुल्य जनता का बखूबी ख्याल रखा है।

सुशासन से समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नीतियां जन-जन के लिए कल्याणकारी और उपयोगी साबित हुई है। लोकतंत्र में जनता के मंशानुरूप और उनके भरोसे को कायम रखकर काम करना कुशल नेतृत्व का परिचायक है। एक के बाद एक लगातार लोकसभा और नगरीय निकाय में मिला बड़ा जनादेश विष्णु देव साय की कुशल रणनीति, साफ नीयत और पारदर्शी शासन व्यवस्था का ही परिणाम है। इन दिनों हर जुबां पर एक ही चर्चा है-सुशासन के दम पर बगिया के लाल विष्णु देव ने कर दिया कमाल।

-लेखक वरिष्ठ किसान नेता और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल मीठा होता है



संकलित

## दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित

## प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## महाकुंभ



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान गुरुवार को एक भक्त साधुओं से आशीर्वाद लेता हुआ।

## आज की पाती


### कुंभ में लोगों की भयावह भीड़ क्यों?

इस मानुष जीवन में इतने अधिक और भयंकर पाप करते ही क्यों हो कि इन अत्यंत ही दूभर, दुष्कर, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पवित्र गंगा में स्नान करने के लिए तीर्थ श्री प्रयागराज को जाना पड़े! इस तथ्य से तुरंत परिचित हो जाइए कि इस बार कोई ऐसा बहुत बड़ा या श्रेष्ठ योग नहीं बना है कि अपने या दूसरों के जान–माल को भयंकर जोखिम में डालकर सिर्फ वहीं पर गंगा स्नान किया जाए। अब कई विद्वान लोगों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि कुछ इसी तरह का संयोग मात्र ही 144 वर्ष पहले बना था। यह कोई महानतम, सर्वश्रेष्ठ, दुर्लभ योग नहीं है महाकुंभ में स्नान ही करने के लिए। मैं शत–प्रतिशत आस्तिक और आस्था वाला सनातन व्यक्ति हूं, लेकिन सामूहिक उन्माद का कड़ा विरोधी भी। सभी को भगवान के नाम पर शांति और संयम से सोचकर ही कार्य करना चाहिए। *– मुमुक्षु के. ठाकुर, चंबा*

## करंट अफेयर

# सिंगापुर ने राष्ट्रीय भोजन कार्यक्रम किया निलंबित


सिंगापुर ने स्कूल ऑफ आर्ट्स (एसओटीए) में भोजन के कारण खाद्य विषाक्तता के मामले सामने के बाद बृहस्पतिवार को दो दिन पुरानी 'राष्ट्रीय तैयारी पहल' को अस्थायी रूप से रोक दिया जिसमें तैयार भोजन परोसना शामिल है। सिंगापुर फूड एजेंसी (एसएफए), शिक्षा मंत्रालय, एजेंसी फॉर इंटीग्रेटेड केयर और खाद्य आपूर्तिकर्ता एसएटीएस ने संयुक्त बयान में कहा जब तक स्कूल ऑफ द आर्ट्स में खाद्य विषाक्तता के मामलों की जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक सिंगापुर फूड रेजिलिएंस प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम को एहतियातन निलंबित किया जा रहा है। चैनल न्यूज एशिया ने बुधवार को पहली बार खाद्य विषाक्तता मामले की रिपोर्ट दी थी।इस भोजन को खाने के बाद 20 छात्रों में डायरिया और उल्टी जैसे लक्षण सामने आए। ये तैयार भोजन इस साल के 'फूड रेजिलिएंस प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम' के तहत 90 से अधिक स्कूलों के 1 लाख से अधिक छात्रों और शिक्षकों को वितरित किया जाना था। एसओटीए के छात्रों को मंगलवार को एक्सरसाइज एसजी रेडी के तहत ये भोजन प्रदान किया गया था। यह अभ्यास टोटल डिफेंस पहल के तहत बिजली कटौती और खाद्य आपूर्ति में रुकावट जैसी आपातकालीन स्थितियों में तैयार रहने के लिए किया गया था।



## ऑफ बीट

# मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है

ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा–आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म–अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।



## ट्रेंड

### स्थापना दिवस पर बधाई

अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई। मुझे विश्वास है कि दोनों राज्यों के लोग अपनी असाधारण प्राकृतिक विरासत व सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखेंगे। प्रगति और उत्कृष्टता के नए अध्याय लिखेंगे।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति



### गरीबी रेखा से ऊपर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर उठाए गए कदमों का परिणाम है कि प्रदेश में 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### हर कार्य में सहयोग करेंगे

दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता को बहुत-बहुत बधाई। मैं उम्मीद करता हूँ कि दिल्ली की जनता को किए गए सारे वादे वे पूरे करेंगी। जनता के विकास और भले के हर कार्य में हम उन्हें सहयोग करेंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### स्वयं के विरुद्ध विद्रोह

जैसे एक सांस दूसरी सांस के खिलाफ विद्रोह करती है.. प्रत्येक सांस लेने और छोड़ने के बीच.. वैसे ही ब्रह्मांड लगातार अपने खिलाफ विद्रोह करता रहता है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका स्वयं के विरुद्ध भी निरंतर विद्रोह में है और इसलिए ब्रह्मांड के साथ सद्भाव में मौजूद है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


जीवेत शरदः शतम्
जन सेवा के संकल्प को चरितार्थ करते हुए
छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा के अगुआ
यशस्वी मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीत : समस्त कार्यकर्तागण

## खबर संक्षेप



### आंद्रीवा से हारकर बाहर हुईं इगा स्वियातेक

**दुबई।** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को पहली बार 18 साल से कम उम्र की खिलाड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जब वह बृहस्पतिवार को यहां माइरा आंद्रीवा के खिलाफ शिकस्त के साथ दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। सत्रह साल की आंद्रीवा ने स्वियातेक के खिलाफ 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की और दुबई चैंपियनशिप के 24 साल के इतिहास में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन गईं। आंद्रीवा इससे पहले पिछले साल सिनसिनाटी में स्वियातेक के खिलाफ अपने एकमात्र मुकाबले में हार गईं थी। रूस की आंद्रीवा अगले दौर में छठी वरीय एलेना रिबाकिना और सोफिया केनिन के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी।

### एफआईएच प्रो लीग में आज भारत का मुकाबला जर्मनी से

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम अब तक एफआईएच प्रो लीग के चार मैच में सिर्फ एक में जीत दर्ज कर पाई है जिससे शुक्रवार को जर्मनी के खिलाफ मैच में उसकी निगाहें उलटफेर कर अपनी किस्मत बदलने की होगी। चुनौतीपूर्ण शुरुआत के बाद भारतीय महिला टीम वापसी करने और तालिका में अपनी स्थिति सुधारने के लिए महत्वपूर्ण अंक जुटाने के लिए दृढ़ संकल्प है। सलिमा टेटे की अगुवाई वाली टीम चार मैच में चार अंक लेकर आठवें स्थान पर है।



### पाक को लगा झटका, फखर चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ कुछ भी अच्छा होते हुए नजर नहीं आ रहा है। टूर्नामेंट के पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 60 रनों से हार मिली। अब टीम के स्टार बल्लेबाज फखर जमान चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कीवी टीम के खिलाफ वह नंबर-4 पर खेलने आए थे। मैच के पहले ओवर में ही फखर को फील्डिंग करने के दौरान चोट आई थी। पाकिस्तान अपना अगला मैच भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ दुबई में खेलेगी।



### माफ करो और आगे बढ़ो, हर चीज की चिंता नहीं कर सकते

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने तनाव मुक्त जीवन जीने के अपने रहस्यों को साझा करते हुए कहा कि भले ही ऐसा करना कठिन हो लेकिन माफ करके आगे बढ़ जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही खुद को एक लापरवाह व्यक्ति बताया जो अपनी रात की नींद इस बात पर ध्यान देकर खराब नहीं करता कि अन्य लोग उनके बारे में क्या सोच रहे हैं।



# डब्ल्यूपीएल: मुंबई के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने आज उतरेगी आरसीबी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

लगातार दो मैच में जीत से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आज शुक्रवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ विजय अभियान जारी रखकर महिला प्रीमियर लीग में जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी। आरसीबी ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

उसने पहले मैच में गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। आरसीबी के अलावा टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच नहीं जीते हैं। आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है।

### इन खिलाड़ियों पर जमीं सबकी निगाहें




*इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारतीय टीम की उपकप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ऋचा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग को लेकर थोड़ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।*

### मुंबई टीम भी है बेहद मजबूत

मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना आसान नहीं होगा। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नैट साइवर-ब्रंट की बेजोड़ बल्लेबाजी (59 गेंदों में 80 रन) और हरमनप्रीत के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था और अब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

**टीमें इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता, साइका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेले मैथ्यूज, सजीवन सजना, नट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राईटन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका आहूजा, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष, हीदर ग्राहम, वीजे जोशिता, सब्बिनेनी मेघना, नुजहत परवीन, जाग्रवी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

भारतीय टीम के शमी, गिल, रोहित और कोहली ने कायम किया रिकॉर्ड

# शमी की बॉल और शुभमन के बल्ले का कहर, टीम इंडिया ने बांग्लादेश को रौंदा

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत का पहला मुकाबला बांग्लादेश की टीम से हुआ। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत एक धांसू जीत के साथ करने में सफल रही। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में जहां मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लेकर बांग्लादेश की टीम को धराशायी कर दिया वहीं शुभमन गिल के धांसू शतक की बदौलत टीम इंडिया ने जीत हासिल की। शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने मोहम्मद शमी से बेहतर प्रदर्शन किया। बांग्लादेश के लिए भी तौहीद ने शतकीय पारी खेली लेकिन कम स्कोर के कारण मैच में बात नहीं बनी और टीम इंडिया ने जीत दर्ज कर ली। टीम इंडिया की जीत के साथ ही कुछ अहम कीर्तिमान भी देखने को मिले हैं। भारतीय टीम के शमी, गिल, रोहित और कोहली ने रिकॉर्ड कायम किया।

भारत ने बांग्लादेश के 228 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए 46.3 ओवर में 4 विकेट पर 231 रन बनाए। शुभमन गिल ने 124 गेंदों पर 100 रनों की ठोस पारी खेलकर टीम की अगुआई की और 51 पारियों में आठ वनडे शतक बनाने वाले सबसे तेज भारतीय बन गए। उन्होंने शिखर धवन के 57 पारियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। केएल राहुल ने 46 गेंदों पर 52 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और पारी का अंत छक्के के साथ जीत सुनिश्चित की।






### गिल ने की धवन की बराबरी

*उधर शुभमन गिल ने अपने चैम्पियंस ट्रॉफी डेब्यू में शतक जड़कर शिखर धवन की बराबरी कर ली। धवन ने भी चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना डेब्यू शतक के साथ ही किया था। गिल ने इस सीजन चार वनडे में तीन प्लेयर ऑफ़ द मैच अवॉर्ड भी अपने नाम किये हैं। भारत के लिए सबसे कम पारियों में 8 शतक का रिकॉर्ड भी गिल ने बनाया। उन्होंने 51 पारियों में ही यह कारनामा कर डाला।*

### शमी का दमदार वर्ल्ड रिकॉर्ड

मोहम्मद शमी ने अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह सबसे तेज 200 एकदिवसीय विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए लेकिन गेंदों के मामले में नम्बर एक पर आ गए। सबसे कम गेंदों में 200 विकेट में शमी नम्बर वन हैं। शमी ने 5126 गेंद डालकर ही यह आंकड़ा हासिल कर लिया। स्टार्क ने 5240 गेंद डाली थी।

### विराट का फील्डिंग में धमाल

उधर विराट कोहली का बल्ला नहीं चल पाया लेकिन एक कीर्तिमान उन्होंने भी अपने नाम कर लिया और यह फील्डिंग में था। कोहली भारत के लिए सबसे ज्यादा एकदिवसीय कैच लेने वाले संयुक्त रूप से पहले फील्डर बन गए हैं। 156 कैच के साथ अजहरुद्दीन के साथ कोहली का नाम भी टॉप पर है।

### रोहित शर्मा ने तेंदुलकर को पछाड़ा

रोहित शर्मा ने बैटिंग में तहलका मचाते हुए सचिन तेंदुलकर का कीर्तिमान ध्वस्त करने का काम किया है। रोहित शर्मा ने सबसे तेज 11000 एक दिवसीय रन बनाने के मामले में तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। रोहित ने 261 पारियों में ही यह आंकड़ा हासिल कर लिया।

# अफगानिस्तान और द.अफ्रीका के बीच मैच आज, देखने मिलेगी कड़ी टक्कर




एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का तीसरा मैच अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच आज 21 फरवरी शुक्रवार को खेला जाएगा। हाल के दिनों में अफगानिस्तान ने वनडे में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ऐसे में तेम्बा बावुमा की टीम उसे हल्के में नहीं लेना चाहेगी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ हुई त्रिकोणीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका कुछ खास नहीं कर पाई थी। ऐसे में वह सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगी। अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच 21 फरवरी को नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

हर बार की तरह इस बार भी अफगानिस्तान की गेंदबाजी इस टूर्नामेंट में कमाल की है। टीम के पास राशिद खान, नूर अहमद और मोहम्मद नबी जैसे शानदार स्पिन गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाजी में फजलहक फारूकी से काफी उम्मीदें होंगी। बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान बेजोड़ शुरुआत करने को देखेंगे।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है दक्षिण अफ्रीका टीम

दक्षिण अफ्रीका के पास अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का बेजोड़ मिश्रण है। वह इस टूर्नामेंट में खुद के ऊपर लगे चोकर्स के धब्बे को हटाने के इरादे से उतरेंगे। बल्लेबाजी में हेनरिक क्लासेन, ट्रिस्टन स्टब्स और एडेन मार्करम से काफी उम्मीदें होंगी। कगिसो रबाडा और मार्को येंसन गेंदबाजी में बेहतर करना चाहेंगे।

### अफगानिस्तान देगी कड़ी टक्कर

दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच पहला वनडे मुकाबला साल 2019 में खेला गया था। अब तक दोनों टीमों के बीच 5 वनडे मुकाबले खेले गए हैं। 3 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और 2 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। कराची के मैदान पर दोनों टीमें एक दूसरे के खिलाफ पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी। दोनों टीमों के बीच आखिरी 3 वनडे मुकाबलों में 2 मैच अफगानिस्तान ने अपने नाम किए हैं।

# कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने अल्काराज़ ने बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶| दोहा

शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने लुका नारडी को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी दूसरे सेट में एक समय 4–1 से आगे था लेकिन इटली के खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार वापसी करके मैच को तीसरे और निर्णायक सेट तक खींच दिया। अल्काराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने बोटिक वैन डी जैंडस्चुल्प को 6-4, 6-4 से हराकर पांचवीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच तय किया। चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जिज़ौ बर्ग्स को 6-2, 6-1 से हराया। वह अंतिम आठ में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे से भिड़ेंगे। जैक ड्रेपर ने क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-2, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला माटेओ बेरेटिनी से होगा, जिन्होंने टालोन ग्रिक्सपुर को 7-6 (4), 6-7 (6), 6-4 से हराया। बेरेटिनी ने पिछले दौर में नोवाक जोकोविच को हराया था।

### स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में भारत का 49 सदस्यीय दल

**नई दिल्ली।** भारत का 49 सदस्यीय दल इटली के तूरिन में आठ से 15 मार्च तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में 30 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 19 सदस्य शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी छह स्पर्धाओं अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में हिस्सा लेंगे। स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के 12वें सत्र में आठ खेलों का आयोजन किया जाएगा और इसमें 102 देशों के 1500 से अधिक खिलाड़ियों और 621 कोच के हिस्सा लेने की उम्मीद है। खेलों के लिए एक लाख दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। भारत ने इन खेलों में अब तक 167 पदक जीते हैं जिसमें 73 स्वर्ण, 49 रजत और 45 कांस्य पदक शामिल हैं।

# रोहित शर्मा ने छोड़ा कैच, हैट्रिक से चूके अक्षर, भारतीय कप्तान ने मांगी माफी

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में एक आसान कैच छोड़ दिया। अगर यह कैच रोहित पकड़ लेते तो मैच में स्पिन गेंदबाज अक्षर पटेल की हैट्रिक हो जाती। कैच छोड़ने के बाद कप्तान पहले खुद पर गुस्सा हुए और इसके बाद हाथ जोड़कर अक्षर से माफी मांगते हुए नजर आए। अब इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



### क्या है पूरा मामला?

पारी के 9वें ओवर में अक्षर ने लगातार 2 गेंदों पर 2 विकेट लेकर सनसनी मचा दी। तीसरी गेंद पर भी अक्षर को लगभग विकेट मिल चुका था, लेकिन कप्तान ने स्लिप में कैच छोड़ा। कैच के छूटने से रोहित इतना निराश थे कि वह गुस्से में जमीन को पीटने को लगे। रोहित ने बांग्लादेश के जाकेर अली का कैच छोड़ा था। बांग्लादेश के 5 बल्लेबाज सिर्फ 35 रन के स्कोर पर पवेलियन में थे।

राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद जीता खिताब

# आडवाणी ने जीता 14वां एशियाई चैम्पियनशिप खिताब

एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय क्यू स्पोर्ट्स के स्टार पंकज आडवाणी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यहां एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप में अभूतपूर्व 14वां स्वर्ण पदक जीत लिया। आडवाणी ने इंदौर में राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद यह खिताब हासिल किया जिससे एक बार फिर साबित हो गया कि वह देश के सबसे प्रतिष्ठित क्यू खिलाड़ी हैं।

इस जीत ने क्यू स्पोर्ट्स के इतिहास में उनकी जगह को और भी मजबूत कर दिया है। चूंकि वह इस साल के अंत में होने वाली विश्व स्नूकर चैंपियनशिप पर अपनी नजरें लगाए हुए हैं। हर कोई यह देखने के लिए बेताब है कि क्या वह अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।



### पुरस्कारों की सूची में एक और हुआ इजाफा

आडवाणी की जीत से उनके पुरस्कारों की सूची में एक और इजाफा हुआ। अब उनके नाम पांच एशियाई स्नूकर खिताब (15-रेड, 6-रेड और टीम प्रारूप में) के साथ नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक (2006, 2010) भी जीते हैं। इस जीत से वह एक अभूतपूर्व उपलब्धि के और करीब पहुंच गए हैं जिसमें एक ही कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय, एशियाई और विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप खिताब जीतना शामिल है।

### स्नूकर में भी जीते तो रच देंगे इतिहास

बिलियर्ड्स में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद अब अगर वह स्नूकर में ऐसा कर लेंगे तो वह दोनों स्पर्धाओं में ऐसा करने वाले इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी बन जाएंगे। ईरान के अमीर सरखोश के खिलाफ फाइनल चैम्पियन के बीच मुकाबला था। पूर्व एशियाई और विश्व आईबीएसएफ 6-रेड स्नूकर चैंपियन सरखोश ने शुरुआती बढ़त हासिल की। लेकिन दबाव में अपने संयम के लिए मशहूर आडवाणी ने शानदार तरीके से जवाब दिया। आडवाणी ने 93 और 66 के ब्रेक से मैच पर नियंत्रण कर लिया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।





*दिल्ली में गुरुवार से रेखा राज के आगाज से दिल्ली की तमाम महिलाओं और कार्यकर्ताओं के साथ ही परिवार भी गदगद है। भाजपा के टिकट पर शालीमार बाग विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनीं रेखा गुप्ता शपथ ग्रहण के बाद दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बन गई हैं।*

# दिल्ली सीएम की सास ने कहा- उसे कड़ी मेहनत की आदत, वह सब संभाल लेगी

## हालिया विधानसभा चुनाव में आप को परास्त कर भाजपा हुई है सत्ता में काबिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाए जाने पर उनके पति, बेटे और सास ने बेहद प्रसन्नता जाहिर की है। उनके बेटे कहा कि मां ने अपने दम पर राजनीति में अपने लिए जगह बनाई है। वहीं अपनी बहू की कामयाबी पर उनकी सास ने कहा कि उसे कड़ी मेहनत करने की आदत है। वह सब संभाल लेगी।

**यकीन करने के लिए खुद को चुटकी बजानी पड़ी**

रेखा गुप्ता के दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद उनके पति मनीष गुप्ता ने कहा, 'हमें बेहद गर्व महसूस हो रहा है। हम बेहद खुश हैं। हम जिम्मेदारी को समझ सकते हैं। हमें इस बात पर यकीन करने के लिए खुद को चुटकी बजानी पड़ी। यह हमारा सौभाग्य है। पीएम मोदी का विजन ही सीएम का विजन है, रेखा जी का विजन है।'



**मां ने अपने दम पर अपने लिए जगह बनाई :** रेखा गुप्ता के बेटे निकुंज गुप्ता ने कहा, 'हम सभी को बहुत गर्व है, खासकर परिवार के सदस्यों को। हमने उन्हें कई सालों तक काम करते देखा है, हमने उनके सारे उतार-चढ़ाव देखे हैं। हमने उनके सारे मानसिक और शारीरिक तनाव देखे हैं। हम देख सकते हैं कि राजनीति का क्षेत्र कितना कठिन है। मेरी मां एक सच्ची नेता हैं, उनके पास कोई राजनीतिक सपोर्ट नहीं था। उन्होंने यह सब अपने दम पर शुरू किया, डूसू से शुरुआत की, इसलिए, हम बेहद खुश हैं कि मां ने अपने दम पर राजनीति में अपने लिए जगह बनाई है।

**खुशी के आगे मेरी झोली छोटी पड़ गई**

रेखा गुप्ता की सास मीरा गुप्ता ने कहा, 'उन्होंने अपने दम पर काम किया। अपने घर और समाज दोनों का ख्याल रखना। उसने दो साल तक पूरे शालीमार बाग का ख्याल रखा। उसे कड़ी मेहनत करने की आदत है। वह सब संभाल लेगी। हम सब बहुत खुश हैं। इस खुशी को मैं बता नहीं सकती। इतनी खुशी के आगे मेरी झोली छोटी पड़ गई।'

### दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री

बता दें कि, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक बनीं 50 वर्षीय रेखा गुप्ता दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। वह सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। वह मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली में भाजपा की भी चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वह, वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं। भाजपा ने अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी (आप) के 10 साल के शासन पर विराम लगाते हुए दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है।

## अमेरिका से निर्वासित अप्रवासियों में अनिश्चितता का माहौल

# कागज पर 'हेल्प' लिखकर खिड़की से मांग रहे मदद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका से निर्वासन और घर न पहुंच पाने की अनिश्चितता के साथ-साथ तमाम दिक्कतों से जूझ रहे 300 लोग पनामा के एक होटल में फंसे हुए हैं। इन 300 लोगों में सबसे ज्यादा भारतीय और नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन नागरिक हैं। ये सभी वहां तब तक रहेंगे, जब तक उनकी वापसी की व्यवस्था नहीं हो जाती, इसके साथ ही उन्हें होटल से बाहर जाने की अनुमति नहीं मिली है। अधिकारियों के अनुसार, 40% से ज्यादा प्रवासी अपने देश लौटने के लिए तैयार नहीं हैं। होटल में बंद सभी प्रवासियों की हालत काफी दयनीय है, इसका पता इससे चलता है कि होटल में फंसे लोग खिड़कियों पर संदेश लिखकर मदद की गुहार लगा रहे हैं।

*पनामा के होटल में फंसे हैं 300 लोग इनमें सबसे ज्यादा हैं भारत-नेपाल के*

*पनामा के होटल से आई हैं कई तस्वीरें सामने*

### प्रवासियों को दी जा रहीं बुनियादी सुविधाएं

इधर पनामा के सुरक्षा मंत्री फ्रैंक एब्रेगो ने दावा किया है कि, सभी प्रवासियों चिकित्सा सुविधा और खाना मिल रहा है। यह पूरी व्यवस्था अमेरिका और पनामा के बीच हुए एक समझौते के तहत हो रही है। अमेरिका इस पूरे ऑपरेशन का खर्च उठा रहा है। वहीं पनामा के राष्ट्रपति जोसे राउल मुलिनो, जो ट्रंप की पनामा नहर पर नियंत्रण को लेकर दी गई धमकियों के कारण राजनीतिक दबाव में हैं, ने पिछले गुरुवार को पहली डिपोर्टेशन फ्लाइट के आने की घोषणा की थी।

### अपने देशों को लौटने के लिए तैयार प्रवासी

रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 300 लोगों में से 171 प्रवासी अंतरराष्ट्रीय संगठनों की मदद से अपने-अपने देशों को लौटने के लिए तैयार हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचआरसी) और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) बाकी 128 लोगों के लिए विकल्प की तलाश कर रहे हैं, ताकि वे किसी तीसरे देश में बस सकें। वहीं जो प्रवासी अपने देश वापस जाने के लिए तैयार नहीं हैं, उन्हें पनामा के दारिएन प्रांत के एक विशेष केंद्र में रखा जाएगा।

**इन 10 एशियाई देशों के हैं 300 प्रवासी**

जानकारी के मुताबिक, सभी प्रवासी 10 एशियाई देशों से आए हैं, जिसमें ईरान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन के लोग शामिल हैं। अमेरिका के लिए इन देशों में सीधा निर्वासन करना मुश्किल है, इसलिए पनामा को एक ठहराव के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

# 'जेलेंस्की मामूली कॉमेडियन बिना चुनाव वाले तानाशाह'

## अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपति के बीच *जुबानी जंग शुरू*



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। ट्रम्प ने बुधवार को अपने मार-ए-लागो रिसोर्ट में दिए एक बयान में जेलेंस्की को तानाशाह कहा है। इससे दोनों नेताओं के बीच विवाद गहरा गया है। इससे पहले जेलेंस्की ने कहा कि ट्रम्प गलत जानकारी के साथ, गलतफहमी में जी रहे हैं। जेलेंस्की का ये बयान ट्रम्प के एक आरोप के जवाब में आया था। दरअसल ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 4% रह गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी की। इस पोस्ट में उन्होंने जेलेंस्की को एक मामूली कॉमेडियन और बिना चुनाव वाला एक तानाशाह बताया।

### ट्रम्प रूस के बनाए झूठे बुलबुले में जी रहे : जेलेंस्की

अप्रूवल रेटिंग गिरने के ट्रम्प के दावे पर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि सबसे हालिया नतीजों में मुझे 58% वोट मिले हैं यानी इतने यूक्रेनी लोग मुझ पर भरोसा करते हैं। इसलिए अगर कोई मुझे सत्ता से हटाना चाहता है, तो ये अभी काम नहीं करेगा। जेलेंस्की ने कहा कि रूस की तरफ से लगातार यूक्रेन को लेकर गलत जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रपति ट्रम्प का हम सम्मान करते हैं, लेकिन अफसोस की बात है वे गलत जानकारी के बुलबुले में जी रहे हैं। मेरी अप्रूवल रेटिंग की गलत जानकारी रूस ही अमेरिका को दे रहा है।

### जेलेंस्की के समर्थन में यूरोप और कनाडा

जेलेंस्की को तानाशाह कहने के खिलाफ यूरोपीय नेता उनके समर्थन में उतर आए हैं। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि राष्ट्रपति जेलेंस्की की लोकतांत्रिक वैधता को नकारना पूरी तरह से गलत और खतरनाक है। जर्मन विदेश मंत्री अन्नालेना बैरबॉक ने भी ट्रम्प के बयान को बेतुका बताया है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने भी जेलेंस्की को फोन कर उनके प्रति समर्थन दिखाया। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक स्टार्मर ने कहा कि जंग के दौरान चुनावों को टालना पूरी तरह से सही था। स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने भी ट्रम्प की आलोचना की है। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो भी जेलेंस्की के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने X पर पोस्ट कर लिखा कि कनाडा हमेशा यूक्रेन के समर्थन में खड़ा रहेगा।

# आईटीसीएक्स ने किया सनातन शक्ति को एकजुट

## 'मंदिरों के महाकुंभ' में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गोवा के मुख्यमंत्रियों ने किया मंच साझा

**तिरुपति।** आध्यात्मिक नगरी तिरुपति में गुरुवार को आयोजित इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो (आईटीसीएक्स) 2025 ने भारत के सबसे बड़े और प्रभावशाली मंदिर प्रबंधन सम्मेलन के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई। इस अनूठे आयोजन में देशभर के 1500 से अधिक मंदिरों, प्रतिष्ठित राजनीतिक नेताओं और हिंदू, सिख, बौद्ध व जैन धर्म के पूजनीय धर्मगुरुओं ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन को 'वसुधैव कुटुंबकम' का सच्चा उदाहरण बताते हुए शुभकामनाएँ दीं। आरएसएस सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने वर्चुअल संदेश के माध्यम से आईटीसीएक्स 2025 की तारीफ की और इसे विश्वभर के मंदिरों को जोड़ने वाली ऐतिहासिक पहल बताया।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना क्रमांकः एनआईटी/11/25/06, दिनांक 13.02.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्रमांक | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र लागत (रु.) | अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11255224 | 10.03.2025 | 10:30 | 00 | 61370.00 |

**विवरण :** लीड एसिड बैटरी 110V/150AH (2 वोल्ट x 55 नग) सहायक उपकरण और इलेक्ट्रोलाइट और एम.एस. स्टैंड के साथ। आरडीएसओ विशिष्टता संख्या – आरडीएसओ/पीई/स्पेक/टीआई/0040 (रेव–2) – 2021 या नवीनतम के अनुसार।

"निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

**नोट :** विवरण से संबंधित विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रामाणिक मानी जाएगी।

सीपीआर/10/503 सहा. मंडल सामग्री प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail



**नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण**
पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर -19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) 492002
कार्यालय दूरभाष : 0771.2512500, फैक्स: 2512400, ई-मेल: ceo.anvp-cg@gov.in
नवा रायपुर अटल नगर

**CAVEAT NOTICE**
**IN THE HIGH COURT OF JUDICATUREAT BILASPUR (CHHATTISGARH)**
**CAVEATOR** NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN (NRANVP)
**VERSUS**
**NON-CAVEATORS** GENERAL PUBLIC
**CAVEAT UNDER SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908 READ WITH RULE 142 OF THE HIGH COURT OF CHHATTISGARH RULES 2007**

The caveator most humbly and respectfully begs to submit as infra:
1) That, the caveator/NRANVP vide Notices dated 20/12/2024 and 17/01/2025 has invited tenders for allotment of various plots of different land uses at Nava Raipur Atal Nagar. 2) That the caveator has an apprehension that as the above-mentioned proposed allotment(s)have wide amplitude and may attractuninvited litigations from various quarters of general public. Hence the caveator in apprehension of any petition challenging the aforementioned notices or the subsequent allotment(s), is filing the present caveat, requesting an advance notice of the same and an opportunity of being heard and defend himself before any interim relief is granted to the anticipated petitioners.

**S.- 42966** **CEO (NRANVP)**



**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
(संसद के अधिनियम संख्या 25 (2009) के तहत स्थापित)
जांट-पाली, महेंद्रगढ़-123029

ह.के.वि/ सं.स. प्र. अ/2025/4950(डी) दिनांक: 17/02/2025

**अल्पावधि निविदा सूचना**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में दिनांक 08.03.2025, 09.03.2025 एवं 10.03.2025 को आयोजित होने वाले **"हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह-2025 तथा स्पंदन-2025"** के लिए **"वाटर प्रूफ एवं फायर प्रूफ हैंगर, टेंट, साउंड, लाइटिंग तथा संबद्ध सेवाएं"** उपलब्ध कराने हेतु दो-भागों (बोली) प्रणाली के अंतर्गत सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पूर्ण भरी हुई निविदाएं हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक खण्ड में संपदा एवं सामान्य प्रशासन अनुभाग के कक्ष संख्या 123 में दिनांक **27.02.2025 को अपराह्न 2:00** बजे तक जमा की जा सकती है। निविदा के संबंध में अधिक विवरण/नियम एवं शर्तों/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/इत्यादि के लिए, कृपया नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in देखें। कुलसचिव (प्रभारी)



**TRN Energy Private Limited**
Regd. Office: 18 Vasanta Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi - 110057
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambience Mall NH-8, Gurgaon-122002 (Haryana) Ph: 0124-2719000, Fax: 0124-2719185
Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com

**Invitation of Bids**

**Ref. No.: TRNEPL/CIVIL/2024-25/07 Dated: 20.02.2025**

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:- Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors for "Loading, Transportation, Unloading, Levelling, Compaction, Soil Covering and Plantation work at ASH Dyke of 2x300MW TRN Energy TPP Raigarh, Chhattisgarh.

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 1 | Soil Covering & Plantation work | 1031 | 25.02.2025 @ 14:00 Hrs. |

Detailrd scope of work, terms and conditions are furnished in the NIT document. Please visit web site https://eprocurement. mjunction.in/ epspropartner/ openarea/ tender-list and refer respective tender Id for qualifying criteria and other details.The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

**Contact details: Name: Sunil Kumar**
**Contact No. 9868392867**
**Email Id: sunil.kumar@acbindia.com**



**FORM NO. 14 [See Regulation - 33 (2)]**
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

**Office of the Recovery Officer - I/II**
**Debt Recovery Tribunal, Jabalpur**
797- II, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur, M.P. 482001

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/108/2022 19/09/2024

**CANARA BANK**
**VERSUS**
**IMRAN QURAISHI**

To, (CD 1) IMRAN QURAISHI
YASIN QURAISHI
MAIN ROAD, MANILA THANA MASANGANJ, BILASPUR (C.G.) Bilaspur 495001
(CD 2) SABEER ANSARI S/O ULFAT ANSARI
MASANGANJ, MASJID GALI, BILASPUR (C.O.)
Bilaspur, Chhattisgarh -495001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/1429/2019** an amount of **Rs 2534512.00 (Rupees Twenty Five Lakhs Thirty Four Thousands Five Hundred Twelve Only)** along with pendentellite and Suture interest @ **12 %** Simple Interest Yearly w.e.f. **08/01/2018** till realization and costs of Rs 36000 ( Rupees Thirty Six Thousands Only ) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited). **2.** You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under. **3.** You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing **4.** You are hereby ordered to appear before the undersigned on **19/05/2025** at 10:30 a.m. for further proceedings. **5.** In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay. **(a)** Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings. **(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **19/02/2025**

**Ms. Priti Desai**
**Recovery Officer II, Debts Recovery Tribunal, Govt. of India, Ministry of Finance Jabalpur (M.P. & C.G. States)**



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/11/25/04, दिनांक 10.02.2025.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल निम्नलिखित सामाग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा प्रपत्र की लागत ₹ | अर्नेस्ट मनी डिजाजिट ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11255165 | 04.03.2025 | 10.30 | 00 | 90,490/- |

1. **विवरण:** 60 किलोग्राम 1 इन 8.5 लेआउट आरटी–4865 के लिए टर्नआउट स्लीपर [वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद] निविदाकर्ता/बोलीकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर जाएं। **नोटः** विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रामाणिक मानी जाएगी।

सीपीआर/10/489 वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail



**चक्रधरपुर मंडल के तहत पार्सल एसएलआर की लीजिंग के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति, भारत संघ की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा चक्रधरपुर मंडल के तहत पार्सल एसएलआर की विभिन्न लीजिंग के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है, जिसे https:/www.ireps.gov.in/वेबसाइट पर अधिसूचित किया गया है। ई-नीलामी का विवरण निम्नानुसार है: **क्रम सं. 1, कैटेगरी:** पार्सलएसएलआर, **कैटलॉग नं.:** पार्सलएसएलआरएस–5–25, **अनुबंध की अवधि:** 02 वर्ष, **नीलामी की तिथि:** 01.03.2025, **नीलामी शुरू होने का समय:** 11.15 बजे, **नीलामी बंद होने की तिथि:** 01.03.2025, **नीलामी बंद होने का समय:** 14.15 बजे। **क्रम सं. 2, कैटेगरी:** पार्सलएसएलआर, **कैटलॉग नं.:** पार्सलएसएलआरएस–सीकेपी, **अनुबंध की अवधि:** 02 वर्ष, **नीलामी की तिथि:** 03.03.2025, **नीलामी शुरू होने का समय:** 10.00 बजे, **नीलामी बंद होने की तिथि:** 03.03.2025, **नीलामी बंद होने का समय:** 15.00 बजे। इच्छुक पार्टी इस तथ्य को ध्यान में रखें और साइट के विवरण तथा ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। किसी भी तरह की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-1160) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



**IndusInd Bank**

**VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE**

Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:

| Sl.No. | Branch | Deal No. | Customer Name | Registraion No. | Yard |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PENDRA | FBP00199D | J ALOK | CG12BH8570 | PASWAN YARD, KORBA |
| 2 | PENDRA | FBP00237D | DAKSH ENTERPRISES | CG12BK5503 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |
| 3 | JANJGIR | FJR00354D | D RAJU BHARDWAJ | CG11BE5687 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |
| 4 | JANJGIR | FJR00381D | D RAJU BHARDWAJ | CG11AM5686 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |
| 5 | BILASPUR | FRB01466D | D RAJMEET SINGH | CG10AP7992 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |
| 6 | BILASPUR | FRB01565D | D RAJMEET SINGH | CG10AL1317 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |
| 7 | KORBA | FRK01841D | P SARJU | CG13LA4882 | PASWAN YARD, KORBA |
| 8 | SARAIPALI | FRS00868D | S JAGADISH | CG04JD7695 | KRISHNA PARKING YARD, SARAIPALI |
| 9 | SARAIPALI | FRS00869D | Y PRAMOD | CG04PF7099 | UTSA PARKING, HOOGLY, WB |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.) **Call: 0771-4255804, Last Date : 27th February, 2025.**
The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.
**-Authorized Officer**

**Date : 21st February, 2025, Raipur** www.indusind.com
"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/रायगढ़/महाप्र./भू.रा./2025/432 **सूचना** दिनांक 11.02.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की बरौद (विस्तार) खुली खदान हेतु भूमि का अर्जन सी.बी.ए. (ए एंड डी) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, जिसमें ग्राम-बरौद, तहसील-घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ के निम्नलिखित भू-प्रभावितों की अपनी-अपनी अर्जित भूमि के एवज में सृजित नौकरी के बदले एकमुश्त मुआवजा हेतु आवेदन पत्र एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र में जमा किया है। आवेदन में भूमि के खातेदारों द्वारा संलग्न किये गए भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तोवजों में नाम में भिन्नता पाई गयी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| स क्र | संशोधित स्टे. V के अनुसार भू-स्वामी का नाम | भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | रकबा (हे.मे) | सृजित नौकरी | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतुरसाय व. जगमोहन | 1. वंशवृक्ष में नाम- चतुरसाय उर्फ चतुर सिंह व. जगमोहन<br>2. राजस्व दस्तावेजों में नाम- चतुरसाय पिता जगमोहन उर्फ जगमोहन कंवर<br>3. आधार कार्ड में नाम- चतुर साय आ. जगमोहन<br>4. वोटर आईडी में नाम- चतुर सिंह राठिया पिता जगमोहन राठिया<br>5. राशन कार्ड में नाम- चतुर सिंह उर्फ चतुर साय<br>6. बैंक पासबुक/चेक में नाम- चतुर साय राठिया उर्फ चतुर साय व. जगमोहन | 154<br>293/1 ख<br>346/3<br>............<br>कुल खसरा-03 | 0.040<br>0.251<br>0.263<br>............<br>कुल-0.554 हेक्ट. (1.36 एकड़) | 01 | भिन्न-भिन्न दस्तावेजों में एक ही व्यक्ति का भिन्न भिन्न नाम होने के संबंध में दावा आपत्ति बाबत्। |
| 2 | चतुर व. जगमोहन, मोहित, रोहित व. जगमोहन, पा.पि. जगमोहन व. सालिकराम | 1. वंशवृक्ष में नाम - चतुर साय उर्फ चतुर सिंह व. जगमोहन, मोहित उर्फ मोहित राम व. जगमोहन, रोहित उर्फ रोहित कुमार राठिया व. जगमोहन<br>2. राजस्व दस्तावेजों में नाम- चतुर साय उर्फ चतुर उर्फ चतुर सिंह उर्फ चतुर साय कंवर व. जगमोहन, मोहित उर्फ मोहित राम उर्फ ना. बा. मोहित व. जगमोहन, रोहित उर्फ ना. बा. रोहित व. जगमोहन<br>3. राजस्व आदेश/नामांतरण पंजी में नाम- चतुर साय पिता जगमोहन, मोहित पिता जगमोहन, रोहित व. जगमोहन<br>4. आधार कार्ड में नाम- चतुर साय आ. जगमोहन, मोहित राम राठिया आ. जगमोहन राठिया, रोहित कुमार राठिया पिता जगमोहन<br>5. वोटर आईडी में नाम- चतुर सिंह राठिया पिता जगमोहन राठिया, मोहित पिता जगमोहन, रोहित कुमार राठिया पिता जगमोहन राठिया<br>6. राशन कार्ड में नाम- चतुर सिंह उर्फ चतुर साय, मोहित राम व. जगमोहन<br>7. बैंक पासबुक/चेक में नाम- चतुर साय राठिया उर्फ चतुर साय व. जगमोहन, मोहित राम उर्फ मोहित राम राठिया व. जगमोहन, रोहित राम राठिया | 293/2<br>340<br>455<br>............<br>कुल खसरा-03 | 0.551<br>0.470<br>0.514<br>............<br>कुल- 1.535 हेक्ट. (3.79 एकड़) | 01 | |

उपरोक्त तालिका में दर्शित भूमिस्वामियों के नाम एवं उनके खाते पर सर्षजित नौकरी का एकमुश्त नौकरी के बदले मुआवजा के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय महाप्रबंधक एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। SECL/24-25/331 प्रभारी अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, रायगढ़ क्षेत्र

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गांव का मुखिया...

अपने समर्थकों को तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के उन क्षेत्रों में भेजा जहां बस्तर के ग्रामीण रहने लगे हैं। जान बचाकर पड़ोसी राज्य में रह रहे लोग मिर्च और तंबाखु की खेती में मजदूरी कर अन्य काम भी कर रहे हैं। आज बासागुड़ा क्षेत्र में भाजपा समर्थित प्रत्याशी के लिए जुटे वरिष्ठ नेता श्रीनिवास रेड्डी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि इससे पहले आज तक पड़ोसी राज्य से इतनी बड़ी संख्या में लोग वोट डालने नहीं आए थे।

### तीन हजार खर्च...

हैं। 65 वर्षीय पवन ताम्रकार पैरों में तकलीफ और अन्य शारीरिक समस्याओं के चलते बिलासपुर में अपनी पुत्री के साथ रहते हैं। वहीं उनका पुत्र हेमंत ताम्रकार कवर्धा में काम करता है किंतु यहां उनके वार्ड से पंच चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी के आग्रह पर वोट डालने आए थे।

### गांव-गांव बरसे...

कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सरकार के मंत्री, केदार कश्यप टंकराम वर्मा सहित अन्य महत्वपूर्ण नेताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य के 43 ब्लॉक में मतदान हुआ।

**केंद्रीय मंत्री ने परिवार सहित किया मतदान-**

केंद्रीय मंत्री तोखन लाल साहू ने मुंगेली में अपने परिवार के साथ पंहुचकर मतदान किया। उधर राज्य सरकार के मंत्री केदार कश्यप ने फरसागुड़ा भानपुरी में लाइन में लगकर मतदान किया। सरकार के मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने बलौदाबाजार क्षेत्र में मतदान किया है।

### सीतापुर में जमकर...

कारण दोपहर में लगभग एक घंटे तक मतदान प्रभावित रहा। मौसम विज्ञानी रात में भी गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं ओले गिरने एवं हल्की वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### मतदान करने नागपुर ....

ग्रामीण परिवार गुरुवार को बेखरूटोला पहुंचकर मतदान में हिस्सा लिया। ऐसे ही क्षेत्र के अन्य गांवों में निवासरत बाहर खाने-कमाने गए लोग मतदान करने के लिए गांव पहुंचे और मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र पर अपनी हिस्सेदारी दिखाई। इसी तरह मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मोहला विकासखंड अंतर्गत कई गांव के ग्रामीण मतदान करने के लिए अपने गांव पहुंचे थे। बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि लोकतंत्र के इस पर्व में वह अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं। गांव, जनपद एवं जिला पंचायत के लिए जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर मिला है। उसे वह अपने मताधिकार के जरिये पूरा किया।

### मतगणना के दौरान बैलेट ....

अतिरिक्त भवन कटकोना में सैनिक भाल चंद, पीठासीन अधिकारी मुकदेव राम भगत एवं मतदान दल के कर्मचारी चुनाव संपन्न कराने के लिए शांति व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात थे। 17 फरवरी की शाम करीब 7:30 बजे जब मतदान दल मतगणना करा रहे थे, तभी अचानक बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई। इसी दौरान आरोपियों ने मतदान कक्ष के पास पहुंचकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। इसके बाद चार आरोपी मतदान केन्द्र के अंदर घुस गए और बैलेट बॉक्स लूटने का प्रयास करने लगे। जब सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने वनरक्षक योगेश्वर सिंह और सैनिक भाल चंद के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### हाथी, ऊंट, घोड़े...

गजराज नहीं है, इसे राजस्थान के जयपुर से वाहन में लादकर लाया गया है, जिसे खासतौर पर शाही शादी के लिए प्रशिक्षित किया गया है। वहीं एक दर्जन सफेद रंग के घोड़े 2 बग्घी के साथ दुर्ग से लाए गए हैं।

### विधायक देवेंद्र को...

बाहर आ जाएंगे। वे 17 अगस्त से जेल में बंद थे। 10 जून 2024 को बलौदाबाजार में कुछ लोगों ने जैतखाम तोड़े जाने का विरोध करते हुए कलेक्टर और एसपी ऑफिस जला दिया था। इस मामले में भीड़ को भड़काने, आंदोलनकारी का साथ देने का आरोप लगाकर कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पर केस दर्ज किया गया है। सुप्रीम कोर्ट से इस केस को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश से जुड़े दस्तावेज बलौदाबाजार की अदालत में पेश किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट में देवेंद्र की जमानत पर रिहा करने के लिए तत्कालीन कलेक्टर और एसपी को राज्य सरकार द्वारा बहाल किया जाना बड़ा आधार बना। देवेंद्र के वकील हर्षदीप सिंह खुराना ने पैरवी की। कोर्ट ने इस तथ्य को संज्ञान में लेने के बाद अपना आदेश जारी किया। जस्टिस सुधांशु दुलिया और के. विनोद चंद्रन की बेंच ने मामले में सुनवाई की।

### सुप्रीम कोर्ट में...

समय से बिल्कुल अलग हैं। जहां हिंसक घटना हुई वहां देवेंद्र यादव मौजूद नहीं थे। उनकी गिरफ्तारी भिलाई स्थित उनके घर से हुई जो की घटनास्थल से कई किलोमीटर दूर है। पुलिस की कार्रवाई पूरी तरह से गलत और राजनीति से प्रेरित है।

### छग के सिम...

चार बैंक अफसरों को गिरफ्तार किया है। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी अभी भी जेल में हैं। इसी कड़ी में ट्रांजेक्शन की जानकारी लेने फर्जी सिम उपलब्ध कराने वाले 13 पीओएस एजेंट पर साइबर पुलिस ने शिकंजा कसा है। यह कार्रवाई आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर की गई है।

### थोक में बेचे...

साइबर पुलिस ने पूर्व में म्यूल अकाउंट की पहचान कर जो कार्रवाई की है, उन सभी म्यूल अकाउंट में दर्ज मोबाइल नंबर की पड़ताल कर आगे कार्रवाई करने की बात कही है।

### इनकी हुई है...

**गोबरा नवापारा, रायपुर**

- पुरूषोत्तम देवागंन - मोहन नगर, दुर्ग, - रवि कुमार साहू - सुपेला, जिला-दुर्ग, - रोशन लाल देवागंन - दुर्ग, - के.शुभम सोनी - दुर्ग, - के.वंशी सोनी - दुर्ग, - त्रिभुवन सिंह - सुपेला भिलाई, - अमर राज केशरी - भिलाई, - विक्की देवांगन - दुर्ग,

### रुस के पक्षियों को...

जलाशय में रूस से आने वाले सारस पक्षी मुख्य आकर्षण का केन्द्र है। इस प्रजाति को यूरेशियाई सारस या साधारण सारस कहा जाता है। जिसका वैज्ञानिक नाम ग्रुस है। दक्षिणी अफ्रीका में मिलने वाली ग्रुस वंश के सारस की एक प्रजाति है। यह उत्तर यूरेशिया में निवास करते हैं, जो शीतकाल निवास के लिए भारत व अन्य स्थानों पर प्रवास करते हैं। **जलीय क्षेत्रों का संरक्षण**-छत्तीसगढ़ बायोडायवर्सिटी बोर्ड और खैरागढ़ वन मंडल द्वारा सभी वेटलैंड्स का सर्वेक्षण कार्य कराकर रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। सभी जलीय क्षेत्र के संरक्षण व संवर्धन हेतु वैज्ञानिक तरीके से कार्य किया जा रहा है। वहीं स्वच्छ सफाई रखने साइनबोर्ड और डस्टबीन भी लगाया जा रहा है। गांव-गांव में जागरूकता प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### दिल्ली की गद्दी...

सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की पूर्व अध्यक्ष रेखा गुप्ता ने दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। साथ ही, आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा, भाजपा का पंजाबी चेहरा आशीष सूद, पार्टी का सिख चेहरा मनजिंदर सिंह सिरसा, कट्टर हिंदू की छवि वाले कपिल मिश्रा, अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले रविंद्र इंद्राज और पूर्वांचली चेहरा पंकज कुमार सिंह ने नयी मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली। सिरसा को छोड़कर अन्य सभी मंत्रियों ने हिंदी में शपथ ली।

### जब प्रधानमंत्री मोदी...

मौजूद थे। पीएम मोदी ने उनसे भी बातचीत की, लेकिन खास बात यह रही कि उनके शब्दों के साथ-साथ विष्णुदेव साय का हाथ भी मजबूती से थामे रहे। दोनों नेताओं के बीच यह आत्मीय संवाद काफ़ी देर तक चला ।

### आठ मार्च तक...

में 2,500 रुपए मासिक सहायता का वादा किया था। गुप्ता ने जोर दिया कि अपने वादों को पूरा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### संभल हिंसा में...

दीवारों पर चस्पा किए गए हैं।

24 नवंबर को जमा मस्जिद के अंदर सर्वे के दौरान मस्जिद के आसपास के इलाके में और नखासा थाना इलाके के हिंदूपुर खेड़ा में हिंसा हुई थी।

### शराब पीकर चुनाव ...

किया है। पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में धरसींवा और तिल्दा-नेवरा पंचायत राज में गुरुवार को वोटिंग हुई। इससे एक दिन पूर्व मतदान कर्मियों को चुनाव सामग्री वितरण कर मतदान केंद्रों में भेजा गया था। चुनाव सामग्री वितरण परसतराई स्थित स्कूल केंद्र में किया गया।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साँई बाबा नेत्र हॉस्पिटल छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

HMS शिव साईटिका तेल शिव सायटिका सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुटमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभग्न, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम अंदर की खुजली व बदबू के लिये, धिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ..... HMS देखकर खरीदें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

आवश्यकता है-ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर कार्य करने हेतु कर्मचारी चाहिए। कम्प्यूटर जानकार इंग्लिश पढ़ना लिखना अनिवार्य वेतन 7000 से 10000 सम्पर्क करें- श्रीराम क्लॉथ स्टोर अग्रसेन चौक के पास बिलासपुर 9827198028 (36880)

आवश्यकता है-FMCG मार्केटिंग, डेलिवरी, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फुल टाइम ड्राइवर हेतु लड़को की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 92028 50834, 9826168253 (36878)

आवश्यकता है-सर्वमंगला एजेन्सी में सेल्समैन एवं ड्राइवर की आवश्यकता है तत्काल सम्पर्क करें- महाराणा प्रताप चौक के पास व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9827976705, 9752394144 (36877)

आवश्यकता है-यदुनन्दन नगर तिफरा मे कंस्ट्रक्शन, रियल एस्टेट आफिस में एक लड़का, एक लड़की चाहिए जो 12वीं पास हो आफिस एवं फील्ड दोनों देख सके। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9826314444 (36883)

आवश्यकता है-नेशनल मेडिकोज में जमीन एवं राजस्व के कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है सम्पर्क करें नागरिक सहकारी बैंक के पास बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7987972716(36886)

आवश्यकता है-घर के काम करने हेतु लड़की चाहिए सुबह 8बजे से शाम 7बजे तनख्वाह- 8500 (रहकर कार्य करने वाले की तनख्वाह 7000) आवास+ खाने की सुविधा पता- नर्मदा नगर बिलासपुर 7869399765 (36885)

आवश्यकता है-समोसा, आलू गुंडा, बड़ा, अंडा भजिया आदि नाश्ता ठेला में नियमित कार्य करने के लिए अनुभवी कुक एवं लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जरहाभाठा राजीव गांधी चौक बिलासपुर 7067077813 (36854)

आवश्यकता है-फोर व्हीलर गाड़ी चलाने हेतु एक कुशल चालक की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7354200022 (36862)

आवश्यकता है-एकाउन्टेंट जिसे बीजी का ज्ञान हो एवं दुकान में काम हेतु कर्मचारी की जरूरत है सम्पर्क करें- अशोक मिल एण्ड हार्डवेयर दयालबंद बिलासपुर 9827150871 (36859)

आवश्यकता है-चौकीदार चाहिए साइट एवं यार्ड की देखभाल के लिए चौकीदार चाहिए परिवार सहित रहने सुविधा वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7583808008 (1461)

**आवश्यकता है आया बाई (हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु) नर्सिंग स्टॉफ काउंटर स्टाफ अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल मगरपारा रोड, बिलासपुर संपर्क करेः- सुबह 11 से 01 बजे तक 07752-226296, 402543**

आवश्यकता है-बर्तन दुकान में कार्य हेतु पढ़े लिखे लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। (कॉल करें- सुबह 11बजे से रात 9बजे) सम्पर्क करें- इज्जी ट्रेडर्स, वाल्मीकि चौक, शनिचरी बाजार, बिलासपुर 99932 93951 (36887)

Wanted-Teachers Required- St. Paul's School, Tifra (1) Vice Principal (B.Ed and M.Ed) (2) English (for Pre Primary and Higher Secondary) (3) Chemistry (4) Physics (5) Biology (6) Sports Teacher (7) Office Accountant. Interview Date 21, 22, 24, 25 Feb. (9am to 1pm) Mob. No. 99775 99286, 8109529624 (Fluency in English and Training is must) (36879)

आवश्यकता है-बिलासपुर की निर्माणाधीन कालोनी में सिविल कॉन्ट्रेक्टर की आवश्यकता है (1) ईट जोड़ाई कार्य- 10 (2) मकान प्लास्टर- 15 (3) शटरिंग- 10 (4) लोहार- 10, सम्पर्क करें- 7999245462, 79700 10956, 7970010973 (36881)

आवश्यकता है-लोकल एवं बाहर प्लास्टिक पाईप डिलीवरी हेतु पिकप/ छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन- 10000+ (अनुभव के आधार पर) सम्पर्क करें- सिलपहरी इंडस्ट्रीयल एरिया बिलासपुर 7804908441 (36863)

आवश्यकता है-प्रिंटिंग युनिट को चाहिए मैनेजर, प्रिंटिंग लाइन का जानकार 1, टेलीकॉलर फीमेल 1, ग्राफिक डिजाइनर 2, सैलरी 10000+ बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- प्रिंट आइडिया, सुभाष कॉम्प्लेक्स जरहाभाठा बिलासपुर 7999415807 (36875)

आवश्यकता है-Job In Bilaspur ओशन कम्पनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28वर्ष, आय 10500 से 18000+ रहना खाना, पता- तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021 (15326)

आवश्यकता है-जिम में मेंटेनेंस कार्य करने हेतु कुशल कर्मचारी एवं ट्रेनर की आवश्यकता है (मेल/ फीमेल) वेतन- योग्यता अनुसार पता- मंगला चौक बिलासपुर सम्पर्क करें- 9109277444, 96914 32828 (36888)

आवश्यकता है-(1) रेल्वे की साइड फाउंडेशन कार्य हेतु सुपरवाइजर चाहिए जिसे सिविल कार्य का अनुभव हो (2) बिलासपुर के लिए ड्राइवर चाहिए अनुभवी ही बायोडाटा सहित सहित सम्पर्क करें- 9549548344 (36868)

आवश्यकता है-विद्यालय में कार्य करने हेतु प्यून, गार्ड, एवं मार्केटिंग हेतु फ्रेशर लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 9 से 2बजे तक संस्कार स्कूल, बाजार के सामने, उसलापुर 7440549466 9691259615 (36869)

आवश्यकता है-सीमेंट मार्केटिंग एवं बिजनेस बढ़ाने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है न्यूनतम अनुभव 3वर्ष, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। शीघ्र सम्पर्क करें- मीनाक्षी सेल्स, पुराना हाईकोर्ट के सामने, बिलासपुर 9754002100 (36865)

आवश्यकता है-ज्वैलरी शॉप में काम करने के लिए लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-शर्लिन ज्वेलर्स सदर बाजार, बिलासपुर 916534 5678 (36856)

Wanted-We are seeking a dynamic Sales Manager to join our team. Key Responsibilities Lead and motivate the sales team Develop and implement sales strategies to drive growth Achieve revenue targets and increase market share Qualifications Minimum Graduation 8+ years of sales management experience Strong leadership and negotiation skills Proven track record of meeting/ exceeding sales targets Location Bilaspur Contact- 7970010958 (3304)

आवश्यकता है-होलसेल मेडिकल एजेंसी में अनुभवी फुल टाइम एकाउंटेंट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्तकुमार मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7999934599 (2505)

आवश्यकता है-(1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें- 9329233000 (1457)

आवश्यकता है-स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। इच्छुक दुकान आकर सम्पर्क करें- भाटिया इंटरप्राइजेज, पेट्रोल पम्प के बाजू में नेहरू चौक, बिलासपुर 75872 59295 (3167)

आवश्यकता है-सिविल इंजीनियर- 2 (बीई/ डिप्लोमा), सिविल सुपरवाइजर- 5, गाड़ी ड्राइवर-2, ऑटो ड्राइवर-1 चाहिए अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें- मेसर्स अरोरा कंस्ट्रक्शन, क्वालिटी रेस्टोरेंट के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9827902347, 99937 77000 (36851)

आवश्यकता है-कार एवं बाइक ऑटो पार्ट्स दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। सेल्समैन और हेल्पर दोनों चाहिए। सम्पर्क करें- 78695 23344, 7301717175 (36861)

आवश्यकता है-थोक दवाई दुकान में माल निकालने/जमाने हेतु लड़कियों, पैकिंग हेतु लड़को की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सलुजा मेडिकल एजेंसी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा (3300)

आवश्यकता है-अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है वेतन 15000 तक, रहने की सुविधा उपलब्ध जिनको सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ की जानकारी हो वैध लाइसेंस के साथ सम्पर्क करें- देव ट्रेवल कार रेंटल सर्विस, मोतीबाग, रायपुर 9752008009, 8959910211 (1633)

आवश्यकता है-सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 14500 से 18000 सम्पर्क करें- Tango Security Pvt. Ltd. ऑरेंज हाइव, 6th फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर 8109070600, 7869230888 (2476)

आवश्यकता है-वड़ा पाव, पनीर रोल, मंचूरियन, दाबेली दुकान में कार्य हेतु अनुभवी कुक चाहिए कार्य समय दोपहर 2 से रात 10 बजे सम्पर्क करें- राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर 9098859081, 6265338482 (1460)

आवश्यकता है-मार्केटिंग में फोर व्हीलर छोटा हाथी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार। आधार कार्ड लाइसेंस सहित सम्पर्क करें-अरोरा बेकरी, बृहस्पति बाजार के पास, बिलासपुर 9827164721 (36860)

आवश्यकता है- कंस्ट्रक्शन कम्पनी में मैनेजर- 2 (सिविल कार्य अनुभवी) कम्प्यूटर ऑपरेटर- 1, ड्राइवर-1 की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- समय 12बजे से शाम 5बजे तक अनुमेष कंस्ट्रक्शन तोरवा बिलासपुर 9993495123 (36871)

आवश्यकता है-केयर टेकर (देखरेख करने वाली) बच्चों एवं घर के काम हेतु आवश्यकता है रहना खाना फ्री एवं आकर्षक वेतन, सम्पर्क करें-केरा रोड जांजगीर मो. 8600012354 (36858)

आवश्यकता है-होटल लॉज में साफ सफाई स्टाफ टॉयलेट क्लीनिंग स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार होटल स्वर्णभूमि बिलासपुर सम्पर्क करें- 7869380124 (36857)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष की युवतियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- गणेश चौक साईं मंदिर बिलासपुर 89628 19734, 9691610438 (3320)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़को की, जो शहर से बाहर जाकर काम करसके योग्यता 10वी, 12वी स्नातक वेतन 10000 +कमीशन +बोनस रहना खाना ट्रैवलिंग फ्री कोई भी शुल्क नहीं लगेगा ट्रेनिंग बाद कमाये 20000 महीना सम्पर्क- 9685388875 74150 22943 (304)

आवश्यकता है-इंदौर (मप्र) आकर ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 28वर्ष के अविवाहित लड़को की आवश्यकता है सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना+ट्रैवल फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 15000 से 20000 महीना कोई ज्वाइनिंग फीस नही ली जायेगी सम्पर्क करें- 9691458250, 70246 46229, 9575712101 (306)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर युवती/ महिला (वेतन 15000) एवं 6वर्ष के बच्चों को पढ़ाने हेतु महिला टीचर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 75872 58374 (36849)

आवश्यकता है-सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, एचआर एवं बिजनेस डेवलपर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 8319001366, 9977649371 (36850)

आवश्यकता है-हॉस्टल साफ सफाई सुबह 9 से शाम 6 तक काम करने हेतु कर्मचारी चाहिए। सम्पर्क- मित्र विहार कालोनी, स्काई जिम के बगल वाली गली में, लिंक रोड बिलासपुर 9340969592 7828803577 (36853)

आवश्यकता है-इंट्रा, जीतो, पिकअप चलाने हेतु एक अनुभवी ड्राइवर एवं हमाली हेतु हमाल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार परमानेंट जॉब। सम्पर्क करें-62689 70045 स्थान बिलासपुर (36852)

आवश्यकता है-कम्प्यूटर आपरेटर सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं से स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई-5.7, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर रायपुर 7746000016, 77470 00019 (3160)

आवश्यकता है-टेलीकालिंग ऑफिस कार्य हेतु महिलाएं युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक समय 9 से शाम 5, सैलरी 5000 से 15000 सम्पर्क करें-स्मार्ट रोड नेहरु नगर गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 (1380)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियोंमहिलाओं की उम्र 18 से 30वर्ष सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क-रिंग रोड नियर न्यू बस स्टैण्ड मासूम चिल्ड्रन हॉस्पिटल के पासअम्बिकापुर 7024600659 (3306)

आवश्यकता है-Reliance Jio 5G कंपनी Sms Sending Calling Job करके लड़के, लड़किया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए 21500- 48500 महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ़्त Name, पता Qualification, Call/ sms/ whats app करें- 8918984004 (3262)

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष, सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होली क्रॉस स्कूल के पास मंगला चौक बिलासपुर 7000322273 (3323)

आवश्यकता है- मैट्रिमोनी में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी- 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- पत्रकार कॉलोनी आरबी हॉस्पिटल के पास 6268331784, 7987392821 (3322)

आवश्यकता है-मैट्रिमोनी ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है मैट्रिमोनी एक्सपीरियंस होल्डर को प्राथमिकता सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- बाबजी कालोनी के पास महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9993937575 (36870)

आवश्यकता है-टेलीकॉलिंग हेतु 18 से 35वर्ष की लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है वेतन 5000 से 20000 सम्पर्क करें- मंदिर चौक प्रोटीन वर्ल्ड के पास बिलासपुर 74703 28986 (3301)

आवश्यकता है-टेलिकॉलिंग, ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें-नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर 83057 68707, 8827015996 (3302)

आवश्यकता है-पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। सम्पर्क करें-8981475043, 80172 71898 (3275)

आवश्यकता है-टैलीकॉलिंग हेतु 18 से 28 वर्ष तक की महिलाएं चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- साईं मंदिर मैग्नेटो मॉल के पास बिलासपुर 8817571731 (3321)

आवश्यकता है-आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 89378 47856, 6395268809 (301)

आवश्यकता है-लिमिटेड कंपनी को 10वीं से ग्रेजुएट पास लड़कों की आवश्यकता है सर्वे करना, एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, सुपरवाइजर, सेलरी 18500 से 45750 रहना खाना फ्री सम्पर्क करें-08588 080514 (3305)

## बेचना है

बेचना है- बिलासपुर शहर के प्राइम लोकेशन में रामा वर्ल्ड, रामा वैली, रामा लाइफ मंगला एवं सरकण्डा में प्लॉट, फ्लैट, हाउस सेल करना है प्रॉपर्टी खरीदी बिक्री हेतु सम्पर्क करें- 9977799003, 75669 07050 (36884)

बेचना है-कमर्शियल प्लाट श्रीराम पार्क कॉलोनी ड्रीम्स रेसीडेंसी कॉलोनी के आगे अशोक नगर बिरकोना मेन रोड ऊपर 45 फिट फ्रंट में 7470 वर्गफिट का डायवर्टेड प्लाट तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 9300878897 (3308)

बेचना है-सिमरन सिटी फेस- 5 में 550 वर्गफुट मे 875 निर्मित वर्गफुट 2BHK सर्व सुविधा युक्त स्वतन्त्र मकान बेचना है सम्पर्क करें- 91099 02833 (3307)

## किराया

किराया-बलदीपारा चोरभट्टी गनियारी से 2km पहले कोटा रोड बिलासपुर में चालू कंडिशन में सर्वसुविधायुक्त 2.36 एकड़ का प्लाईएश प्लांट किराये पर देना है (किराया 20000 प्रतिमाह) सम्पर्क करें- 7999826873, 62650 74633 (36873)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## व्यापार

व्यापार-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रतिमाह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क- APS इंटरप्राईजेस रायपुर-9111760925, 74772 21345, बिलासपुर- 83599 13999, 9589288936 रायगढ़, अंबिकापुर 78697 55871 (3194)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाये।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |


जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री
मा. विष्णुदेव साय जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
कैबिनेट मंत्री
महिला एवं बाल विकास विभाग छ.ग. शासन
विनीत
समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी, वि. स. भटगांव

## खबर संक्षेप

### गोमाता को राष्ट्रमाता स्वीकारे जाने का पारित करें प्रस्ताव

**रायपुर।** भारत के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्यरत भारत सहित सौ देशों के धार्मिक व सामाजिक प्रतिनिधियों के संगठन परम धर्म संसद 1008 द्वारा देश में गौ-प्रतिष्ठा अभियान चलाकर केंद्र से ग्राम पंचायत तक शासन की सभी इकाईयों से गोमाता को पशु सूची से बाहर कर राष्ट्रमाता स्वीकारे जाने का प्रस्ताव पारित करने का अनुरोध किया गया है। यह जानकारी महाशिवरात्रि 26 फरवरी तक बेमेतरा जिले के ग्राम सलधा स्थित सपाद लक्षेश्वर धाम में लिंग पुराण कथा के लिए पधारे परम धर्म संसद 1008 के गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ आए संगठन के संगठन मंत्री रायपुर निवासी, मसंद सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसंद साहिब ने दी। उन्होंने पंचायत चुनावों में निर्वाचित होने वाले जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे सभी अपनी-अपनी पंचायतों में गोमाता को पशु सूची से बाहर कर उसे राष्ट्रमाता स्वीकारे जाने के प्रस्ताव को प्राथमिकता देते हुए पारित कराने का यशस्वी कार्य करें। साईं मसंद साहिब बताया कि अपने उद्देश्य में सफल होने के लिए प्रथम चरण में लगभग दो वर्षों से गौ-प्रतिष्ठा अभियान चलाकर देश के 37 करोड़ हिंदू मतदाताओं को गौ-मतदाता बनाने का मजबूत आधार खड़ा किया जा रहा है।

### रंग मंदिर में ऑल इंडिया मुशायरा कल

**रायपुर।** गांधी चौक स्थित रंग मंदिर में 22 फरवरी को रात्रि 8 बजे से बदस्तूर जारी ब यादगारे कामरेड अकबर व सलमा सरोश ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कामरेड अकबर की स्मृति में फिल्म, आर्ट, कल्चर एंड थिएट्रिकल सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। इस मुशायरे में देशभर के शायर शिरकत करेंगे। यह जानकारी एफएसीटीएस के से संयोजक जीवेश चौबे ने देते हुए बताया कि मुशायरे की सदारत वरिष्ठ शायर इकबाल अशहर एवं निजामत शायर प्रो. रहमान मुसव्विर करेंगे। इनके साथ तारा इकबाल, शगुफ्ता यास्मीन गजल, रश्मि सबा, माधवी शंकर एवं जनाब जावेद नदीम नागपुरी, इस्माइल राज, डॉ. दिलावर हुसैन शामिल हैं। मुशायरे की शुरुवात इकबाल साहब की दुआ से होगी। इसके बाद शरीफ रायपुरी की किताब छत्तीसगढ़ के उर्दू मुसान्निफिन व शोअरा का विमोचन होगा। इस मुशायरे में नगर के सभी सुधिजन सादर आमंत्रित हैं।

### सड़क चौड़ीकरण करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य और अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने कुशालपुर रिंगरोड चौक से तिरंगा चौक, संतोषी चौक होते हुए गोपियापारा, लाखेनगर मार्ग, टूरीहटरी मार्ग और गणपत सिंधी स्कूल, महाराजबंध बाईपास तक सड़क के शीघ्र चौड़ीकरण की मांग की है। इस मौके पर श्री ठाकुर ने उल्लेख किया कि इस क्षेत्र में जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे सड़कें अत्यधिक संकरी हो गई हैं। स्थानीय निवासियों को यातायात के संबंध में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए बसों का निरंतर आवागमन होता रहता है।

# बलौदाबाजार हिंसा मामले के प्रदर्शन में नहीं पहुंचे भीम आर्मी के संस्थापक

## हिंसा मामले में गिरफ्तार निर्दोष लोगों की निःशर्त रिहाई की मांग को लेकर सीएम हाउस घेराव का किया था आव्हान

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

बलौदाबाजार कलेक्टोरेट, एसपी ऑफिस घेराव करने के साथ तोड़फोड़, आगजनी मामले में गिरफ्तार लोगों की निःशर्त रिहाई की मांग को लेकर भीम आर्मी ने गुरुवार को सीएम हाउस घेराव का ऐलान किया था। सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शन करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों को पुलिस तथा जिला प्रशासन टीम ने सीएम हाउस जाने से रोक दिया। इसके कारण भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने बूढ़ा तालाब श्याम टाकीज के पास सभा कर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद भी शामिल होने वाले थे, लेकिन वे प्रदर्शन में शामिल होने नहीं पहुंच पाए।

बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद हिंसा के आरोपियों से मिलने भीम आर्मी के संस्थापक रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे थे। चंद्रशेखर ने प्रशासन पर निर्दोष लोगों को फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री निवास घेराव करने घोषणा की थी। घोषणा के अनुसार भीम आर्मी के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता बूढ़ा तालाब



के पास एकत्र होकर सीएम हाउस घेराव करने पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं की बूढ़ा तालाब के पास उपस्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एक दिन पहले से बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को रोकने तैयारी कर ली थी।


### आचार संहिता की वजह से रोकी रैली

भीम आर्मी के कार्यकर्ता दोपहर साढ़े तीन से चार बजे के बीच मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने रैली की शक्ल में निकले। पुलिस प्रशासन ने कार्यकर्ताओं को चुनाव आचार संहिता का हवाला देते हुए उन्हें श्याम टाकीज के पास आगे जाने से रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने श्याम टाकीज के पास सभा कर ज्ञापन सौंपा। भीम आर्मी के उपध्यक्ष मनोज बंजारे के अनुसार टिकट नहीं मिलने की वजह से चंद्रशेखर प्रदर्शन में शामिल नहीं हो पाए। चंद्रशेखर ने मोबाइल के माध्यम से सभा को संबोधित किया।

## शहरभर की पेयजल डिमांड पूरी करने रोज खप रहा 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर

# खारुन में प्राकृतिक बहाव से पानी आना बंद 20 दिन से गंगरेल डेम से पानी की आपूर्ति

## सिंचाई विभाग से निगम का एग्रीमेंट, गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी वाटर रिजर्व



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाला पानी बंद हो गया है। 20 दिन से नगर निगम का जल विभाग शहर वासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से पानी खरीद रहा है। नगर निगम के 70 वार्डों में रहने वाले लोगों की पेयजल मांग के हिसाब से प्रतिदिन 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की खपत हो रही है। इस लिहाज से गंगरेल डेम से रोजाना शहर को 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की आपूर्ति की जा रही है। सिंचाई विभाग के साथ पूर्व में हुये एग्रीमेंट के अनुसार गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी रॉ वाटर सालभर की खपत हिसाब से शहर के लिए सुरक्षित रखा गया है।

रायपुर शहर को प्राकृतिक बहाव से मिलने वाला रॉ वाटर जनवरी से मिलना बंद हो गया है। पिछले 20 दिन से नगर निगम का जल विभाग शहर की 14 लाख आबादी की पेयजल आपूर्ति के लिए गंगरेल बांध से पानी ले रहा है। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि वर्तमान में रायपुर शहर की पेयजल जरूरत को ध्यान में रखते हुये 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर गंगरेल से छोड़ा जा रहा है। गर्मी के दिनों में लोगों को पानी की दिक्कत न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुये सिंचाई विभाग से पूर्व में हुये अनुबंध के मुताबिक शहर के लिए 3.1 टीएमसी रॉ वाटर गंगरेल में सुरक्षित रखा गया है।

### 45 पानी टंकियों से प्रतिदिन 296 एमएलडी पानी की आपूर्ति

नगर निगम का जल विभाग शहर की 45 नई व पुरानी पानी टंकियों से प्रतिदिन 296 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। तेज गर्मी पड़ने पर यह मात्रा आने वाले समय में 300 एमएलडी तक पहुंच सकती है। शहर के बैरनबाजार की पुरानी पानी टंकी और देवेन्द्र नगर की पुरानी पानी टंकी का उपयोग भी संबंधित इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। वहीं अमृत मिशन के तहत जोन 9 के पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 साल पूर्व बनाई गई लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी अभी शुरू नहीं हो पाई है। राइजिंग लाइन बिछाने और इंटरकनेक्शन कार्य के लिए फंड नहीं होने की वजह से इन दोनों पानी टंकियों का लाभ शहर के आउटर में रहने वाले लोगों को नही मिल पाया है। नगर निगम के आगामी बजट में इसके लिए प्रावधान किया जा रहा है।

### गर्मी सीजन में निगम ने की तैयारी, 38 पानी टंकियों की सफाई पूरी

नगर निगम के जल विभाग द्वारा गर्मी सीजन को देखते हुये शहरभर में स्थित 45 पानी टंकियों की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों का कहना है, अब तक अलग-अलग वार्ड की 38 पानी टंकियों में सील्ट की सफाई और कैमिकल ट्रीटमेंट का कार्य पूरा हो चुका है। बाकी की 7 पानी टंकियों में यह कार्य आने वाले दिनों में प्रमुखता से कराया जायेगा।

### 0 पेयजल संकट से निपटने किराये के टैंकर का टेंडर

हर साल की तरह इस बार भी शहर के पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में नगर निगम किराये के पानी टैंकर की व्यवस्था कर लोगों की प्यास बुझायेगा। इसके लिए किराये टैंकर की जरूरत को ध्यान में रखते हुए टेंडर किया गया है। 22 मार्च के बाद टेंडर खुलेगा। गर्मी में पेयजल की व्यवस्था को लेकर गांधी सदन में विभागीय बैठक भी जल्द होगी।

# बिजली के नए टैरिफ की जनसुनवाई के लिए विधिक सलाह लेने की तैयारी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



प्रदेश में बिजली का नया टैरिफ तय करने के लिए बिजली नियामक आयोग विधिक सलाह लेने की तैयारी कर रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों का पद खाली है। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल बीते साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। आयोग, सदस्यों की नियुक्ति न होने की स्थिति में जनसुनवाई करने के लिए विधिक सलाह लेकर जनसुनवाई करने की तैयारी में है।

प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है।

### पॉवर कंपनी की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा। पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा।

# प्रदेश भाजपा की नई कार्यकारिणी में होंगे कई बदलाव, मोर्चा, प्रकोष्ठ का भी बदलेगा चेहरा

## भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद अगले माह तय होगी किरण देव की नई टीम

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों के बाद अब पंचायत चुनाव का दौर चल रहा है। इसके समाप्त होने के बाद भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कवायद होने वाली है। ऐसे में इसके बाद ही अगले माह भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी बनेगी। संभावना जताई जा रही है कि किरण देव की नई टीम में कई बदलाव होंगे। जहां कार्यकारिणी में कुछ पदाधिकारी बदलेंगे, वहीं मोर्चा प्रकोष्ठ में भी नए चेहरे आएंगे। ज्यादातर मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और संयोजकों का कार्यकाल भी पूरा होने वाला है।

भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष को छोड़कर सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव किया गया तो इसमें भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर से किरण देव को ही कमान सौंपी है। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

### होंगे कई बदलाव

प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी तरह से एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बन गए हैं। प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारियों को निगम, मंडल और आयोग में पद मिलने की भी संभावना है। ऐसे में जिनको दूसरे पद मिलेंगे, उनके स्थान पर कार्यकारिणी में बदलाव होगा। इसी के साथ मोर्चा और प्रकोष्ठ के ज्यादातर चेहरे भी बदल जाएंगे।

### अगले माह होगी नई कार्यकारिणी की कवायद

किरण देव के वापस 17 जनवरी को अध्यक्ष बनने के बाद नगरीय निकाय चुनाव का ऐलान हो गया। ऐसे में भाजपा इसमें जुट गई। भाजपा को निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। इस समय पंचायत चुनाव चल रहे हैं। ये 24 फरवरी तक चलेंगे। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में प्रदेश संगठन व्यस्त रहेगा। किरण देव की नई कायर्कारिणी को लेकर अगले माह से कवायद प्रारंभ होगी।




# पीसीसी अध्यक्ष के कामकाज पर सवाल उठाना सही नहीं

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद कांग्रेस नेताओं ने संगठन में फेरबदल की मांग उठा दी। मामले में सियासत के बाद कई जिलों में चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों ने कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर चुनाव में अनुशासनहीनता के आरोप लगाते हुए कार्रवाई भी की। मामले में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा को नोटिस जारी किया गया है। विवाद और आरोप प्रत्यारोप के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद राज्य में कांग्रेस का बड़ा पद है। प्रदेश अध्यक्ष के कामकाज को लेकर कांग्रेस में रहते हुए किसी के भी द्वारा सवाल उठाया जाना उचित नहीं है।

उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संबंध में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के बयान के बाद उपजे विवाद को लेकर कहा है। हालांकि श्री जुनेजा ने अपने बयान के बाद अगले दिन फिर सफाई दी है कि उनके बयान को तोड-मरोड़ कर पेश किया गया है। श्री अकबर ने इस संबंध में कहा, यदि सवाल करने वालों के अनुसार उनकी बातों को मीडिया में तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है, तो अपनी बातों का खंडन करते हुए, सही बात रखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं। एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी से कांग्रेस को नुकसान होता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com